शनिवार

19 अगस्त 2023




पृष्ठ 4

वॉटर एप्पल बॉडी को रखता है हाइड्रेट



पृष्ठ 5

जूही चावला ने किया अपनी फिल्म फ्राइडे नाइट प्लान का ऐलान!




● देहरादून
● वर्ष 31
● अंक 192
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00


# दूनवैलीमेल


सांध्य दैनिक

आर.एन.आई.- 59626/94

email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

डीएवीपी से मान्यता प्राप्त


**आज का विचार**

प्रकृति अपरिमित ज्ञान का भंडार है, परंतु उससे लाभ उठाने के लिए अनुभव आवश्यक है।

– हरिऔध


## अवैध धार्मिक स्थलों पर फिर की बुलडोजर कार्यवाही शुरू

# दो मजार व एक मंदिर हटाया

विशेष संवाददाता

देहरादून। लंबे समय की खामोशी के बाद उत्तराखंड में एक बार फिर अवैध धार्मिक संरचनाओं के ध्वस्तिकरण की कार्यवाही शुरू हो गई है। हरिद्वार जिला प्रशासन ने आज एक स्कूल प्रांगण में बनी मजार और एक छोटा मंदिर सहित तीन धार्मिक स्थलों पर बुलडोजर की कार्रवाई की है। इस दौरान पुलिस अधिकारियों के अलावा भारी पुलिस भी मौजूद रही।

जानकारी के अनुसार आज सुबह हरिद्वार जिला प्रशासन व पुलिस की टीम बुलडोजर लेकर जमालपुर कला क्षेत्र में पहुंची। जहां सरकारी प्राइमरी स्कूल के प्रांगण में बनी एक मजार को बुलडोजर के जरिए ध्वस्त कर दिया गया। प्रशासन की इस कार्यवाही का कुछ स्थानीय लोगों द्वारा विरोध किया गया लेकिन भारी पुलिस फोर्स के चलते विरोध के स्वर धीमी पड़ गए और प्रशासन ने मजार को तोड़कर उसका मलवा भी हाथों-हाथ साफ करा दिया। इसके अतिरिक्त दूसरी कार्यवाही कनखल क्षेत्र के जगजीतपुर में की गई



❑सीएम की सख्ती के बाद हुई कार्यवाही
❑आगे भी जारी रहेगी कारवाही

जहां एक मजार पर पुलिस ने बुलडोजर चलवा दिया। बताया गया है कि हरिद्वार में आज सड़क किनारे बने एक छोटे मंदिर को भी पुलिस द्वारा हटाया गया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा चार माह पूर्व राज्य में जनसांख्यिकीय असंतुलन बढ़ने का हवाला देकर धार्मिक संरचनाओं की आड़ में सरकारी और वन भूमि पर व्यापक स्तर पर अवैध कब्जे की बात कही गई थी जिसके बाद वन विभाग और राज्य पुलिस द्वारा अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई शुरू की गई थी जिसके तहत अब तक डेढ़ सौ के करीब अवैध अतिक्रमणों को हटाकर 300 एकड़ के करीब जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया जा चुका है। लेकिन मानसूनी आपदा और चारधाम यात्रा प्रबंधन में उलझे शासन प्रशासन द्वारा बीते एक डेढ़ माह से इस कार्रवाई को रोक दिया गया था। जिसे अब दोबारा शुरू किया गया है। जानकारी यह भी मिली है कि मुख्यमंत्री ने इस बाबत अधिकारियों को फटकार भी लगाई तथा फिर से कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए हैं। जिसके बाद अब प्रशासन नींद से जागा है सीएम पहले ही कह चुके हैं कि अंतिम अतिक्रमण हटाने तक यह कार्रवाई जारी रहेगी।

## हार्डवेयर की दुकान में हुई 25 लाख की चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। हार्डवेयर की दुकान में हुई 25 लाख रूपये की चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने घटना के मास्टर माइन्ड पूर्व कर्मचारी सहित दो लोगों को 8 लाख रूपये की नगदी सहित गिरफ्तार कर लिया है। मामले में दो लोग फरार है जिनकी तलाश जारी है।



❑आठ लाख की नगदी बरामद, दो फरार
❑घटना का मास्टर माइंड था पूर्व कर्मचारी

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती 16 अगस्त की रात उपकारागार रूड़की के सामने स्थित टयूबैल पाईप का होल सेल व रिटेल (हार्डवेयर) की दुकान से अज्ञात चोरो द्वारा की गई लगभग 25 लाख रूपये की चोरी कर ली गयी थी। मामले में दुकान स्वामी नवीन गोयल पुत्र हितेश कुमार गोयल निवासी 130 ए, नेहरु नगर की तहरीर पर कोतवाली गंगनहर में मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

चोरों की तलाश में जुटी पुलिस टीम को देर रात सूचना मिली कि उक्त चोरी में शामिल दो चोर इब्राहिमपुर गांव के समीप देखे गये है। जिन्हे पुलिस ने बताये गये स्थान पर दबिश देकर हिरासत में ले लिया। जिनके पास से पुलिस ने चोरी की गयी 8 लाख रूपये की नगदी भी बरामद की है। पूछताछ में उन्होने अपना नाम इंजमाम उल हक उर्फ इद्दू पुत्र निसाद निवासी पिलखन वाली मस्जिद के पास रामपुर गंगनहर व इंतजार उर्फ काला पुत्र तौफिक उर्फ फिका निवासी रामपुर गंगनहर हरिद्वार बताया। बताया कि आरोपी इंजमाम उल हक ने उक्त हार्डवेयर स्टोर में दो महीने नौकरी की थी जिसे दुकान मालिक ने चाल-चलन सही न होने पर 10-15 दिन पहले नौकरी से निकाल दिया था। दुकान में काफी पैसा होने की जानकारी होने के चलते आरोपी ने अपने साथियों के साथ योजना बनाकर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार वारदात से जुड़े दो अन्य आरोपी फरार है जिनकी तलाश की जा रही है।

## अब अमेरिका में बुलडोजर

वाशिंगटन। अब बुलडोजर का इस्तेमाल अमेरिका में होता हुआ दिखा है, इसकी जबर्दस्त चर्चा है। एक वीडियो वायरल हो रहा जिसमें प्रशासन एक घर पर बुलडोजर चढ़ा रहा है और इस बुलडोजर के खौफ का कमाल ऐसा समझिए कि अपराधी डर से सरेंडर कर देता है। दरअसल, अमेरिका के टेक्सास से जहां चार अफसरों पर फायरिंग करने वाला आरोपी फरार हो गया। घर पर स्वाट टीम बुलडोजर लेकर पहुँची। घर पर बुलडोजर चलता देख आरोपी ने सरेण्डर कर दिया। बताया जा है कि 34 साल के टेरा ग्रीन पर 24 घंटे में चार प्रवर्तन अफसरों पर फायरिंग कर घायल करने का आरोप है। आरोपी ने ट्रैफिक रिपोर्ट पर हैरिस काउंटी शेरिफ के डिप्टी पर गोलीबारी की। इसके बाद फरार हो गया। इसके बाद प्रशासन ने आरोपी के खिलाफ सर्च अभियान चलाया। उसके घर तक पहुँची। जैसे ही अफसरों ने घर में घुसने की कोशिश की, आरोपी ने फायरिंग कर दी। इसमें तीन अधिकारी घायल हो ट्रान छिपकर फायरिंग कर रहा था। ऐसे में उसपर जवाबी कार्रवाई नहीं हो पा रही थी। कई घंटों तक पकड़ने की कोशिश हुई, लेकिन सबके सब विफल साबित हुए। इसके बाद प्रशासन ने आरोपी के घर पर बुलडोजर चला देने का फैसला किया। जैसे ही स्वाट टीम ने आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाना शुरू किया वो खौफ से भर गया और उसने सरेंडर कर दिया।



# पत्रकार के हत्यारे गिरफ्तार

अररिया। बिहार के अररिया जिले में 35 साल के पत्रकार विमल कुमार यादव की गोली मार कर हत्या मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अररिया पुलिस ने बताया कि पत्रकार हत्याकांड में आठ लोगों को आरोपी बनाया गया है। इनमें चार आरोपियों विपिन यादव, भावेश यादव, आशीष यादव और उमेश यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनमें से दो आरोपी हत्या में सीधे तौर पर शामिल थे।



बिहार पुलिस ने बताया कि अररिया पत्रकार हत्याकांड के दो आरोपी रूपेश यादव और क्रांति यादव पहले से अररिया जेल में हैं। पुलिस उन्हें रिमांड पर ले रही है। दो आरोपी फरार हैं और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि पीड़ित परिवार वालों ने पहले संदिग्धों का नाम बताया। इसके बाद पुलिस टीम ने अररिया जेल में भी छापेमारी की। पत्रकार हत्याकांड मामले में गहन जांच की गई और 24 घंटे के अंदर 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

अररिया जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र के बेलसरा के हीरो शोरूम के पीछे स्थित प्रेमनगर गांव में शुक्रवार अहले सुबह एक दैनिक अखबार के पत्रकार विमल कुमार यादव को घर से बुलाकर चार हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। उनकी पत्नी पूजा देवी के चिल्लाने पर पड़ोसियों के पहुंचने से सारे हमलावर भाग निकले थे। पड़ोसियों ने ही पुलिस को हमले की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस पत्रकार को अस्पताल लेकर गई। वहां डॉक्टरों ने विमल कुमार यादव को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अररिया जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# बैंक प्रणाली में सुधार जरूरी

एक जमाना था जब साहूकारों द्वारा आम आदमी को कर्ज देकर कर्ज न चुका पाने की स्थिति में उनकी जमीन और घर बार तक हड़प लिए जाते थे। ब्याज पर ब्याज और फिर मनमाना ब्याज वसूल करने का काम अब साहूकारों के बाद बैंकों द्वारा किए जाने लगा है। जो लोग बैंक से कर्ज लेते हैं उन्हें यह भली-भांति पता है कि बैंक का कर्जा न चुकाने पर उन्हें किस किस तरह के उत्पीड़न और परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। ग्राहकों या उपभोक्ताओं को यह भी पता लगाना मुश्किल हो जाता है कि उन्होंने जो कर्ज लिया था उस बैंक द्वारा किस किस कारण से कितने तरह का अधिभार जोड़ दिया गया है। कई बैंक ऐसे हैं जो समय पर कर्ज न चुकाने वालों से ब्याज पर भी ब्याज वसूलते हैं। निजी क्षेत्र के बैंक और वित्तीय संस्थाओं द्वारा तो ब्याज दरें मनमाने तरीके से तय की जाती हैं। हालांकि बैंक ग्राहकों को इस लूटपाट और उत्पीड़न से मुक्ति दिलाने के लिए बीते पांच दशक से सुधार की प्रक्रिया जारी है लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि अभी तक देश में एक पारदर्शी बैंकिंग व्यवस्था नहीं बनाई जा सकी है। बीते कल आरबीआई द्वारा कर्ज पर बैंकों द्वारा लगाई जाने वाले दंडात्मक ब्याज के लिए नई संशोधित नियमावली जारी की गई है। इन संशोधनों के बाद बैंक और गैर बैंकिंग वित्त कंपनियां कर्ज भुगतान में चूक के मामलों में ग्राहकों से दंडात्मक ब्याज नहीं वसूल सकेंगे। निश्चित तौर पर इस नए नियम के लागू होने से छोटे और आम उपभोक्ता या ग्राहकों को बैंकों की अनावश्यक वसूली से बड़ी राहत मिल सकती है। आरबीआई का कहना है कि दंडात्मक ऋण व्यवस्था ऋण वसूली में अनुशासन की भावना बनाए रखने के लिए है न कि बैंकों द्वारा अपने राजस्व बढ़ोतरी का माध्यम है। खास बात यही है कि तमाम बैंकों व वित्तीय संस्थाओं ने इसे अपनी राजस्व वसूली का माध्यम बना लिया गया है जिस पर प्रतिबंध लगाया जाना जरूरी हो गया। आरबीआई का कहना है कि ब्याज को ग्राहकों की अग्रिम किस्तों में जोड़ा जाना गलत है। दंडात्मक ब्याज को आरबीआई ने भले ही सही ठहराया हो लेकिन बैंकों की जो परिपाटी है ब्याज पर भी ब्याज वसूलने की वह उचित नहीं है। आरबीआई का यह फैसला भले ही उचित सही लेकिन इस उचित फैसला को लागू करने के लिए जो 1 जनवरी 2024 की तारीख तय की गई है इस विलंब को कतई भी सही नहीं ठहराया जा सकता है जब भी किसी सरकारी संस्थान या सरकारी कर्मचारियों के हित और संरक्षण में कोई फैसला किया जाता है तो तुरंत ही लागू कर दिया जाता है फिर आम जनमानस के हित में लिए गए इस फैसले को लागू करने के लिए इतना लंबा इंतजार क्यों कराया गया है यह समझ से परे है। अच्छा होता कि आरबीआई द्वारा इसे तत्काल प्रभाव से ही लागू कर दिया गया होता। आमतौर पर यही होता है कि आरबीआई द्वारा इधर ब्याज दरें बढ़ाई जाती है उधर बैंक भी उपभोक्ता के लोन की ईएमआई में बढ़ोतरी कर देते हैं तथा इसके बारे में ग्राहकों को बताना भी बैंक जरूरी नहीं समझते। आरबीआई का कहना है कि बैंकों को उचित नीतिगत ढांचा बनाने की जरूरत है। सच यह है कि वर्तमान डिजिटल बैंकिंग के इस दौर में बैंकिंग प्रणाली को अभी और भी अधिक पारदर्शी बनाये जाने की जरूरत है।

## पुलिस महानिदेशक ने पंकज गैरोला को पहनाये बैच



संवाददाता

देहरादून। अपर पुलिस अधीक्षक पद पर पदोन्नत होने पर पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने पंकज गैरोला को बैच पहनाये।

आज यहां पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने अपर पुलिस अधीक्षक पद पर पदोन्नत हुए पंकज गैरोला को पीपिंग सेरेमनी में बैच पहनाये। उत्तराखण्ड पुलिस परिवार की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं दी गयी।

*आ नूनमश्विना युवं वत्सस्य गन्तमवसे।*
*प्रास्मै यच्छतमवृकं पृथु च्छर्दिर्युयुतं या अरातयः॥*

(ऋग्वेद ८-९-१)

हे प्राणपानो ! आप हमें रोगों से बचाएं। हमारे शत्रुओं- काम, क्रोध, लोभ, मोह, आदि को समाप्त कीजिए। हमारे शरीर रूपी गृह को विस्तृत शक्ति प्रदान करें।

# टाउनशिप योजना के खिलाफ किसान मोर्चे का धरना 13वें दिन भी जारी

संवाददाता

देहरादून। डोईवाला में सरकार की टाउनशिप योजना के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चे का धरना 13वें दिन भी जारी रहा। आज यहां डोईवाला मे सरकार की टाउनशिप योजना के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चे का धरना 13 वें दिन भी जारी है। जिसमे किसानों द्वारा पानी की छबील लगाकर धरने का शुभारम्भ किया। धरने की अध्यक्षता सरदार रणजीत सिंह और संचालन उमेद बोरा नें किया। 13 वें दिन जारी संयुक्त किसान मोर्चे के धरने को मोर्चे के प्रदेश संयोजक और किसान सभा के प्रदेश महामंत्री गंगाधर नौटियाल नें सम्बोधित करते हुए कहा कि आज पूरे देश का किसान सरकार की किसान विरोधी नीतियों से लगातार लड़ रहा है, ये सरकार जब से केंद्र मे आयी है तब से लगातार देश के संसाधनों को बेचने मे लगी हुई है और पूरे देश को बेचकर




अब किसानों की उपजाऊ भूमि को भी कॉरपोरेट के हवाले करके किसानों को सड़कों पर लाने की तैयारी कर रही है जिसका संयुक्त किसान मोर्चा डटकर मुकाबला करेगा।

किसान यूनियन जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह खालसा नें सभी किसानों सेआंदोलन मे बढ़चकर भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि अगर सरकार शीघ्र टाउनशिप योजना को वापस लेने का लिखित आश्वासन नहीं देती तो किसानों को और बड़े आंदोलन के लिए तैयार रहना चाहिए। धरने को किसान सभा जिलाध्यक्ष दलजीत सिंह, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार गुरदीप सिंह, किसान सभा मंडल अध्यक्ष बलबीर सिंह, महिला समिति की नेत्री उमा नौटियाल, अजीत कुमार प्रिंस, याकूब अली, जाहिद अंजुम,एडवोकेट शाकिर हुसैन,सरजीत सिंह, इंदरजीत सिंह,हाजी अफजल अली,अनिल पाल प्रधान, फुरकान अहमद कुरैशी,आदि कई किसानों नें भी सम्बोधित किया।

# आधा किलो चरस सहित महिला गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

नैनीताल। चरस कारोबार में लिप्त एक महिला को पुलिस ने भारी मात्रा में चरस व इलैक्ट्रानिक तराजू सहित उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है।

मामला कोतवाली लालकुआं क्षेत्र का है मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह कोतवाली लालकुंआ पुलिस को सूचना मिली कि इंद्रानगर में एक महिला चरस कारोबार में लिप्त है। जिसके



पास से काफी मात्रा में चरस बरामद हो सकती है। सूचना मिलने पर पुलिस ने बताये गये स्थान पर दबिश देकर एक संदिग्ध महिला को हिरासत में लिया गया। महिला के घर की तलाशी के दौरान पुलिस ने वहां से 653 ग्राम चरस व इलेक्ट्रानिक तराजू बरामद किया। पूछताछ में उसने अपना नाम नन्दा देवी पत्नी नारायण सिंह बिष्ट निवासी इन्द्रानगर प्रथम लालकुआं जिला नैनीताल बताया पुलिस ने उसे एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश कर दिया है।

# कैबिनेट मंत्री ने जल संस्थान का कार्यालय खोलने के लिए ली बैठक

संवाददाता

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी में जल संस्थान का कार्यालय खोलने के लिए अधिकारियों की बैठक ले जरूरी दिशा निर्देश दिये।

आज यहां कैम्प कार्यालय में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी में जलसंस्थान के कार्यालय स्थापना को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। मंत्री ने कहा कि जलसंस्थान आमजन से जुड़ा हुआ महत्वपूर्ण विभाग है और इसके कार्यालय को इस हिसाब से बनाया जाए कि आमजन को कोई दुविधा न हो।

मंत्री ने इस बावत तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से



किक्रेंग पार्किंग सहित आपदा राहत की जानकारी भी ली। जलसंस्थान के अधीक्षण अभियंता ने इस विषय पर बताया कि कैमलबेक रोड़ स्थित जलसंस्थान के गेस्ट हाउस में अस्थाई तौर पर कार्यालय चलाया जाऐगा। उन्होंने यह भी बताया कि अगले एक वर्ष के भीतर जलसंस्थान को आवंटित भूमि पर कार्यालय भवन का निर्माण करवा लिया जाऐगा।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी नन्दन कुमार, अधीक्षण अभियंता नमित रमोला, ईई लोनिवि जितेन्द्र त्रिपाठी, ईई एनएच प्रवीन कुमार, जिला पर्यटन अधिकारी सुशील नौटियाल, ईओ मसूरी राजेश नैथानी आदि उपस्थित रहे।

# सरकार प्रभावितों को तत्काल सुरक्षित स्थानों पर विस्थापित करायेः माहरा

संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने राज्य सरकार से मांग की कि आपदाग्रस्त गांव जाखन के प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों में विस्थापित करते हुए उन्हें हुए नुकसान का समुचित मुआवजा दिया जाय।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा प्रदेश में लगातार हो रही भारी बरसात के कारण प्राकृतिक आपदा से विकासनगर क्षेत्र के जाखन गांव में हुए भारी नुकसान पर चिंता प्रकट करते हुए दैवीय आपदा प्रभावितों को समुचित मुआवजा दिये जाने तथा आपदा प्रभावित क्षेत्र के लोगों का उचित विस्थापन किये जाने की राज्य सरकार से मांग की है। करन माहरा ने कहा कि उत्तराखण्ड में लगातार हो रही भारी बरसात से राज्य के कई जनपदों में निजी एवं सार्वजनिक सम्पत्तियों की भारी क्षति हुई है।

उन्होंने कहा कि जाखन गांव में हुए भारी भू स्खलन की चेतावनी के अनुरूप आने वाले दिनों में होने वाली भारी बरसात में प्रभावित क्षेत्रों के लोगों की जानमाल की सुरक्षा का खतरा बना हुआ है जिसके लिए समुचित कदम उठाने के साथ ही संवेदनशील क्षेत्र के लोगों के उचित विस्थापन की व्यवस्था की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा प्रभावित परिवारों को किराये के रूप में दी जा रही मात्र 400 हजार रूपये की राशि बहुत कम है इसे बढ़ाया जाना चाहिए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि वैज्ञानिक सर्वे से स्पष्ट हो चुका है कि यह क्षेत्र एक्टिव जोन में शामिल है तथा यह क्षेत्र रहने लायक नहीं है।

उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि आपदाग्रस्त गांव जाखन के प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों में विस्थापित करते हुए उन्हें हुए नुकसान का समुचित मुआवजा दिया जाय तथा प्रभावितों को दी जाने वाली किराये की राशि में तत्काल बढ़ोतरी की जाय। करन माहरा ने यह भी कहा कि भूस्खलन की दृष्टि से संवेदनशील अन्य गांवों का भी सर्वे कराते हुए उनका भी समय रहते सुरक्षित स्थानों में विस्थापन सुनिश्चित किया जाय।

# मॉनसून में खीरा बनाएगा चेहरे को ग्लोइंग

मॉनसून में उमस और गर्मी बढ़ जानें से स्किन चिपचिपी और ऑयली हो जाती है। वहीं घर का काम करते वक्त पसीने से त्वचा और भी खराब होने लगती है। ऐसे में चेहरे को कूल-कूल फेस पैक की जरूरत पड़ती है। इस ठंडे फेस पैक के इस्तेमाल से त्वचा एक बार फिर से रिफ्रेश लगने लगती है। साथ ही त्वचा को इस मास्क से ठंडक भी मिलती है। इससे त्वचा का खोया हुआ निखार भी वापस आता है। आपको ये कूल कूल फेस पैक खीरे से बनाना पड़ेगा। मॉनसून में खीरा चेहरे को ग्लोइंग बनाता है। खीरे से स्किन पर ताजगी नजर आने लगती है। आपको घर पर इस पैक को बनाने के लिए खीरे के साथ दो और चीजों की जरूरत पड़ेगी। इस फेस पैक का इस्तेमाल कर आप अपने डल चेहरे को फिर से रिफ्रेश कर सकते हैं। आइए जानते हैं कि घर कैसे बनाएं ये फेस पैक और कैसे करें इसका इस्तेमाल।

फेस पैक बनाने के लिए सामग्री

-एक मीडियम साइज का खीरा

-1० पुधीने की पत्तियां

-एक बड़ा चम्मच शहद

ऐसे बनाएं फेस पैक

-खीरे को मोटी स्लाइस में काट लें और 2 स्लाइस को प्यूरी बनाने के लिए साइड में रख दें।

-खीरे को अच्छे से ब्लैंड कर लें। शहद और पुधीने की पत्तियों को इसके साथ अच्छे से ब्लैंड करके एक गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें और फिर इसे अपने चेहरे पर लगाएं।

-अब खीरे के दो टुकड़ों को अपनी आंखों पर लगा कर रखें। इससे आपके डार्क सर्कल ठीक होंगे और साथ ही आंखों की थकान भी दूर होगी।

-इस पेस्ट को 1० मिनट के लिए अपने चेहरे पर लगा कर रखें और फिर साफ पानी से मुंह धो लें। आपको असर साफ नजर आएगा।

खीरे के फेस पैक के फायदे

-शहद में एंटी-बैक्टीरियल प्रोपर्टीज होती हैं, जिससे ऑयली स्किन की समस्याएं दूर होती हैं। साथ ही पिंपल्स की समस्या से भी छुटकारा मिलता है। यह त्वचा को मॉइश्चराइज करता है और फ्रेश रखता है।

-खीरे को उसके कूलिंग इफेक्ट्स के लिए जाना जाता है। यह त्वचा को रिफ्रेश करने के लिए बेहद फायदेमंद है। यह स्किन इंफेक्शन और इचिंग की समस्याओं में राहत पहुंचाता है। साथ ही चेहरे की पफीनेस को कम करता है।

-पुधीने की पत्तियों में एंटी-इंफ्लामेटरी प्रोपर्टीज होती हैं और इस वजह से यह स्किन पर मौजूद स्क्रैच, घाव औग दाग-धब्बों को ठीक करता है।

# घर की सफाई में इन चीजों का न करें इस्तेमाल

आमतौर पर घर की सफाई के लिए लोग कई तरह के प्रोडक्टक्स का इस्तेमाल करते हैं। इनमें से कई प्रोडक्ट ऐसे भी हैं, जो स्वास्थ (ड्ढद्गड्डद्यह्लद्ध) के लिए बेहद खतरनाक हैं। ऐसे में इन हानिकारक प्रोडक्टस से खुद का बचाव करना चाहिए या फिर विशेष सावधानीपूर्वक इनका इस्तेमाल करना चाहिए। आज हम आपको इस आर्टिकल में कुछ ऐसे ही प्रोडक्टस के बारे में बताएंगे, जो आपके स्वास्थ को नुकसान पहुंचा सकते हैं। आइए इनके बारे में जानते हैं।।।

ड्रेन क्लीनर

बारिश के मौसम में घर की नाली जाम हो जाती है, तो इसे साफ करने के लिए ड्रेन क्लीनर का इस्तेमाल किया जाता है। ड्रेन क्लीनर स्वास्थ के लिए हानिकारक है, क्योंकि इसमें लाइ और सल्फ्यूरिक एसिड होता है। दोनों ही एसिड त्वचा और आंखों में जलन पैदा कर सकते हैं। ड्रेन क्लीनर से निकलने वाला धुआं अगर गलती से आपके मुंह में चला गया तो ये आपकी किडनी और डाइजेशन सिस्टम को नुकासन पहुंचा सकता है। कोई इसे खा ले तो उसकी जान जा सकती है। इसलिए जरूरी है कि इसका इस्तेमाल करते समय आंखों, मुंह और हाथ को कवर कर लें।

टॉयलेट क्लीनर

आपके घर में मौजूद टॉयलेट क्लीनर आपको कई बीमारियां दे सकता है। इसका इस्तेमाल करते समय एडिस की बदबू फैल जाती है, जिससे आपको सांस लेने में परेशानी हो सकती है। इसके साथ ही आंखों में पानी आना, स्किन बर्न और कई दूसरी बीमारियों का इससे खतरा रहता है। इसलिए टॉयलेट क्लीनर वहीं इस्तेमाल करें, जिसमें 1० प्रतिशत ही एसिड हो। टॉयलेट साफ करते वक्त बच्चों को दूर रखें और चेहरे और आंख को अच्छी तरह से कवर कर लें।

कार्पेट क्लीनर

घरों में बिछने वाले कार्पेट या गलीचों को साफ करना अच्छी बात है। अगर आप इसके लिए कार्पेट क्लीनर का इस्तेमाल करते हैं तो सावधान रहें, क्योंकि ये क्लीनर आपकी हेल्थ को नुकसान पहुंचा सकता है। कार्पेट क्लीनर से आपको कैंसर, लीवर को नुकसान, चक्कर आना, भूख न लगने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। कार्पेट साफ करते वक्त सांस के मरीजों और बच्चों को वहां से दूर रखें। इसका इस्तेमाल करते समय पंखे को चालू रखना चाहिए। साथ ही घर की खिड़कियों को खोल देना चाहिए। इससे सांस लेने में परेशानी नहीं होगी।(आरएनएस)

# मंत्रिमंडल के आधा दर्जन मंत्री कांग्रेस से आयात किये हुएः कांग्रेस

हमारे संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी एवं प्रदेश प्रवक्ता शीशपाल सिंह बिष्ट ने संयुक्त बयान जारी करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट को अपने गिरेबान में झांकने की सलाह दी है। बागेश्वर उपचुनाव में महेंद्र भट्ट बार-बार अपने बयानों के द्वारा कांग्रेस पर यह आरोप लगा रहे हैं कि कांग्रेस ने बागेश्वर उप चुनाव में जो प्रत्याशी उतारा है वह आम आदमी पार्टी से आयात किया गया है और कांग्रेस ने अपने कार्यकर्ताओं की अनदेखी की है।

इस पर दसौनी ने कड़ा पलट वार करते हुए कहा कि महेंद्र भट्ट बताएं कि आज 6 सालों से भाजपा सरकार प्रदेश में विद्यमान है और मंत्रिमंडल में आधा दर्जन से अधिक मंत्री पद पर आसीन लोग कांग्रेस से आयात किए हुए तो क्या इसका मतलब यह निकाला जाए की भाजपा के पास काबिल विधायकों का टोटा है या अपने विधायकों पर से उसका विश्वास उठ चुका है। दसौनी ने कहा कि सतपाल महाराज, रेखा आर्य, सुबोध उनियाल, सौरभ बहुगुणा और कुछ और कांग्रेस के लोग जो 2017 से 2022 के बीच कैबिनेट में शोभायमान थे और तो और वर्तमान में भाजपा के 47 में से 15 से अधिक विधायक कांग्रेस पृष्ठभूमि के हैं उस पर महेंद्र भट्ट को क्या कहना है? दसौनी ने कहा कि चंदन राम दास को भी भाजपा ने कांग्रेस से ही आयात किया था शायद महेंद्र भट्ट भूल रहे हैं।

प्रदेश प्रवक्ता शीशपाल सिंह बिष्ट ने कहा कि महेंद्र भट्ट बताएं कि आखिर पिछले 6 सालों में प्रदेश में जितने भी उपचुनाव हुए हैं उसमें भाजपा ने परिवारवाद को पल्लवित पुष्पित करते हुए दिवंगत विधायकों के परिजनों पर ही दांव क्यों लगाया? कहा कि यदि भाजपा को अपने कार्यों और अपनी नीतियों पर इतना ही भरोसा था तो फिर किसी जमीनी कार्यकर्ता को जो कि वर्षों से पार्टी की सेवा कर रहा था उसको टिकट देने के बजाय परिजनों पर ही दांव क्यों लगाया जा रहा है।

दसोनी ने कहा कि एक और प्रध ानमंत्री मोदी लाल किले की प्राचीर से परिवारवाद पर चोट करने की बात कहते हैं वही उत्तराखंड बीजेपी अपने ही प्रध ानमंत्री की कही हुई बात को अनसुना करते हुए उत्तराखंड में लगातार परिवारवाद को बढ़ावा दे रही है।

# शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगे दस लाख रूपये

संवाददाता

देहरादून। शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर दस लाख की ठगी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार हनुमंतपुरम गंगानगर निवासी ज्योति सिंह ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसको इंदौर की कंपनी (अर्थमेटिकल सुलोशन) से एक कॉल आयी। उन्होंने उससे कहा कि उनकी कंपनी के साथ शेयर मार्केट में निवेश (इन्वेस्ट) करो और उन्होंने उसको एक सफ्टवेयर , जिसकी कीमत 15,000 रूपये एवं सर्विस चार्जेज 1,70,000 रूपये में बेची। उसके बाद उन्होंने उसको उनके साथ बिना सफ्टवेयर के काम करने को कहा और साथ-साथ में पैसे भी इन्वेस्ट करते रहने को कहा जो कि उसने किया, पर उन्होने उसको नजरअंदाज करना शुरू किया और नुकसान होने लगा। इस तरह उसने कम्पनी में लगभग दस लाख रूपये निवेश किये। उक्त कंपनी में जो भी लोग शामिल है, जिन्होंने उससे फोन द्वारा बात की उनके नाम अनिकेत पांडे , कबीर सिंह, विक्रम सिंह गुर्जरख शीतल, रोहन, यश है। वह जब इनको फोन करती है तो या तो फोन नहीं उठाते या फिर उठाते है तो खुद अपने आपको आत्महत्या करने की धमकी देते हैं और कहते है कि उन्होंने उसकी प्रोफाइल दूसरी कंपनी में स्थानांतरित कर दी है। उसके बाद उसको पता चला कि उसके साथ ध ोखाधडी हुई है।

# आंगनवाडी अधिकारी बन ठगे 92 हजार रूपये

संवाददाता

देहरादून। आंगनवाडी अधिकारी बनकर 92 हजार रूपये की ठगी करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्रहमपुरी निवासी धर्मेन्द्र अवस्थी ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसको 31 जुलाई को अज्ञात व्यक्ति का कॉल आया जिसमें उसको बताया कि वह आँगनवाडी, देहरादून, उत्तराखण्ड से बोल रहे है तथा आपके बच्चे के लिये ऑगन वाडी केन्द्र द्वारा 11,800 रूपये प्राप्त हुये है जिसको वह उसके खाते में भेज रहे है तथा उसको बताया की उसके पास एक लिंक आयेगा उपरोक्त लिंक पर क्लीक करने के पश्चात अपने खाते में रकम चैक करों। उसके पश्चात` एक लिंक प्राप्त हुआ तथा उसने जैसे ही लिंक पर क्लिक किया तथा अपने खाते पर बैलेंस हेतु चैक किया उसके खाते से उपरोक्त रकम 11,800 रूपये कट गये। उसको दुबारा उपरोक्त व्यक्ति का कॉल आया और उससे कहा की उसके पैसे सिस्टम की गलती से कटे है, वह दुबारा उसको लिंक भेज रहे है उसे क्लिक करों उसके पैसे वापस आ जायेगे, तथा इस प्रकार बार बार उपरोक्त अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसको गुमराह किया। उसके खाते से कुल 92,400 रूपये ऑन लाईन माध्यम से कट लिये। उसने लोगो से पता किया तो उसको ज्ञात हुआ कि किसी ने आंगनवाडी केन्द्र का फर्जी अधिकारी बनकर उससे 92,400 रूपये की धोखाधड़ी की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# टाटा सूमो की टक्कर से मोटरसाईकिल सवार की मौत

संवाददाता

देहरादून। टाटा सूमों की टक्कर से मोटरसाईकिल सवार की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मृतक की पत्नी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रायवाला निवासी राजेन्द्र सिंह अपनी मोटरसाईकिल से डोईवाला से घर की तरफ जा रहा था जब वह महावीर चौक के पास पहुंचा तभी सामने से आ रही टाटा सूमों ने उसको अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसको आसपास के लोगों ने चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां पर चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# चोरी के दो दुपहिया वाहनों के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने चोरी के दो दुपहिया वाहनों के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

आज यहां पत्रकारों से वार्ता करते हुए पुलिस अधीक्षक नगर सरिता डोभाल ने बताया कि प्रेमनगर निवासी लक्ष्मी देवी ने अपनी स्कूटी चोरी होने व मनदीप सिंह ने अपनी मोटरसाईकिल चोरी होने का मुकदमा प्रेमनगर थाने में दर्ज कराया था। थाना क्षेत्र में हुयी वाहन चोरी की घटनाओ के खुलासा तथा चोरों की गिरफ्तारी हेतु थाना प्रेमनगर पर अलग-अलग टीमो का गठन किया गया गठित टीमो द्वारा अलग ख्रअलग घटनास्थलो पर लगे सीसीटीवी फुटेज का संकलन कर उनका विश्लेषण किया गया। पुलिस द्वारा किये गये प्रयासो से टीम को कई लाभप्रद सूचनाये प्राप्त हुयी जिनके आधार पर चोरी में हुई स्कूटी प्लेजर सफेद रंग के साथ आज प्रात: रोहित रावत उर्फ आयुष उर्फ डेनी पुत्र तेजपाल सिंह निवासी शान्ति कुंज श्यामपुर थाना प्रेमनगर को ठाकुर पुर रोड़ प्रेमनगर से तथा चोरी की मोटरसाईकिल पर ढाकोवाली जाने वाले रोड़ पुलिया के पास थाना प्रेमनगर देहरादून से संदीप भेनवाल पुत्र बीरमपाल निवासी शक्ति विहार सुद्धोवाला थाना प्रेमनगर को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्तो द्वारा अपने नशे की पूर्ति के लिए उक्त घटनाओ को अंजाम दिया जाना बताया गया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# मणिपुर में बिगड़ते हालात

मणिपुर में हालात ऐसे बन गए हैं कि वहां की पुलिस कथित तौर पर सिर्फ मैतई समुदाय के संरक्षक बल के रूप में काम कर रही है। ऐसे में उसकी निगाह में अर्धसैनिक दस्तों का अल्पसंख्यक कुकी समुदाय के लोगों को संरक्षण देना अपराध बन गया है।

मणिपुर में अशांति की शुरुआत हुए तीन महीना गुजर गए हैं, लेकिन आज भी हर रोज आने वाली खबर वहां लगातार बिगड़ रहे हालात का संकेत दे रहे हैं। अब तक बात दो समुदायों के बीच हो रही हिंसा की थी। लेकिन अब झगड़ा राज्य पुलिस और एक अर्ध सैनिक बल के बीच तक पहुंच गया है। पहले एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें मणिपुर पुलिस और असम राइफल्स के जवान आपस में तू तू-मैं मैं करते देखे गए। फिर खबर आई कि असम सरकार ने चूराचांदपुर और विष्णुपुर के बीच मौजूद एक चौकी से असम राइफल्स की टुकड़ी को हटने का आदेश दिया। अब खबर आई है कि मणिपुर पुलिस ने असम राइफल्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दिया है। इसमें असम राइफल्स पर कुकी चरमपंथियों को भागने का मौका देने और उन्हें संरक्षण देने का इल्जाम लगाया गया है। यहां इस बात को रेखांकित करने की जरूरत है कि असम राइफल्स की कमान भारतीय सेना के पास है।

क्या बात किसी आम कल्पना में समा सकती है कि भारतीय सेना उग्रवादियों की मदद कर रही है? लेकिन मणिपुर में हालात ऐसे बन गए हैं कि वहां पुलिस कथित तौर पर सिर्फ मैतई समुदाय के संरक्षक बल के रूप में काम कर रही है। ऐसे में उसकी निगाह में संभवतः अर्धसैनिक दस्तों का अल्पसंख्यक कुकी समुदाय के लोगों को संरक्षण देना अपराध बन गया है। यह बहुत खतरनाक स्थिति है। इस पर तुरंत नियंत्रण कायम नहीं किया गया, तो स्थितियां हमारी आशंकाओं से भी ज्यादा बिगड़ सकती हैं। यह अच्छी बात है कि लोकसभा में नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव से देश का ध्यान मणिपुर के हालात पर टिका है। विपक्षी नेताओं ने वहां की स्थितियों का विस्तार वर्णन कर देश को इस बारे में आगाह किया है। अब अपेक्षित है कि जब प्रधानमंत्री जब जवाब दें, तो वे इस दौरान उठे गंभीर प्रश्नों के ठोस उत्तर प्रस्तुत करें। उससे मणिपुर में स्थितियों को बेहतर करने में मदद मिलेगी और सारे देश में भरोसा पैदा होगा। लेकिन अगर प्रधानमंत्री ने ऐसा नहीं किया, तो फिर अविश्वास का माहौल और गहरा जाएगा। (आरएनएस)

# निवेश के नाम पर ठगे साढे पांच लाख रुपये

देहरादून (सं)। कम्पनी में निवेश के नाम पर पांच लाख 82 हजार रूपये ठगने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार झीवरहेड कारबारी निवासी प्रदीप कुमार पुरोहित ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह एक वेबसाईड से जुडा जिसमें जिसमे कि उसको विभिन्न होटलों की रेटिंग और रिव्यू का टास्क दिया जाता था तथा जितने ज्यादा पैसे निवेश किये जायेंगे उतने ज्यादा रिटर्न/ लाभ मिलेगा। इस प्रकार उसने कम्पनी की मांग पर समय-समय पर कम्पनी के खाते में पैसे जमा कराये लेकिन उसको पैसे वापस नहीं मिले। उसने अभी तक कम्पनी के खाते में पांच लाख 82 हजार रूपये जमा किये। उसने जब अपने पैसे वापस मांगे तो उन्होंने देने से इंकार कर दिया। जिसके बाद उसको पता चला कि उक्त कम्पनी ने उसके साथ धोखाधडी की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# विवाहिता से मारपीट में पति सहित आठ लोगों पर मुकदमा दर्ज

देहरादून (सं)। विवाहिता से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने पति सहित आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नई बस्ती चन्दर रोड निवासी प्रवेश खान ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी बहन कि शादी नेहरू कॉलोनी निवासी नौशाद खान से कि थी दो साल से नौशाद व उसका परिवार हुस्ना को अलग अलग तरीको से पीडित करते है। लडाई दहेज को लेकर व नकदी मांगने के लिये किया जाता है व नौशाद ,उसकी माता, दानिश(भांजा) याकूब (नौशाद का जीजा),मुम्मताज(नौशाद कि बहन) गुडिड (युवक का मामा), आशू(मामा का लडका), गुड्डू व पांच अन्य लोगो ने उसकी बहन को मारा जिसमे उसके गभीर चोटे आई है। जिसका मेडिकल सलग्न कर रहे है। इन लोगो ने उसकी बहन को जान से मारने कि धमकी देते हुआ कहा अगर पुलिस में गई तो उसको जान से मार देगे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# वॉटर एप्पल बॉडी को रखता है हाइड्रेट



शरीर को बीमारियों से बचाने के लिए पोषक तत्वों से भरपूर फल और सब्जियों का सेवन करने की जरूरत होती है। सेब, केला, अमरूद और अंगूर जैसे फलों का सेवन तो हर कोई करता देखा जाता है। आप ज्यादातर फलों के फायदों के बारे में भी भलिभांति जानते होंगे। लेकिन क्या आपने कभी वॉटर एप्पल का नाम सुना है या कभी इस करिश्माई फल का सेवन किया है? अगर नहीं तो आज हम आपको इस फल के ऐसे फायदों के बारे में बताएंगे, जिन्हें जानने के बाद आप वॉटर एप्पल का सेवन करना भी शुरू कर देंगे।

वॉटर एप्पल एक उष्णकटिबंधीय फल है, जो दक्षिण-पूर्व एशिया में ज्यादातर देखा जाता है। यह फल भारत के भी कुछ राज्यों जैसे- केरल और आंध्र प्रदेश में भी पाया जाता है। आइए जानते हैं आपको वॉटर एप्पल क्यों खाना चाहिए।

वॉटर एप्पल क्यों फायदेमंद

1. बॉडी को रखता है हाइड्रेट: गर्मी के मौसम में अक्सर शरीर में पानी की कमी देखी जाती है और डिहाइड्रेशन हो जाता है। इस समस्या से बचने के लिए आप वॉटर एप्पल का सेवन कर सकते हैं। यह शरीर को हाइड्रेटेड रखने में मदद करता है और डिहाइड्रेशन से बचाता है।

2. एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर: वॉटर एप्पल गैलिक एसिड, टैनिन और क्रेसेटिन जैसे स्ट्रॉन्ग एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। ये फ्री रेडिकल्स से शरीर को होने वाले नुकसान से बचाता है। इसके अलावा, ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और सूजन को भी कम करता है।

3. वजन घटाना: वॉटर एप्पल का सेवन करके आप अपने बढ़े हुए वजन को भी कम कर सकते हैं। इसमें प्रचुर मात्रा में फाइबर पाया जाता है, जो पेट को लंबे वक्त तक भरे रखने का काम करता है। इससे आपको कुछ भी अनहेल्दी खाने की क्रेविंग नहीं होगी और आप ओवरईटिंग से भी बचे रहेंगे।

4. डायबिटीज: डायबिटीज के मरीजों के लिए भी वॉटर एप्पल बहुत फायदेमंद है। क्योंकि इसमें पॉवरफुल एंटीहाइपरग्लाइसेमिक गुण पाए जाते हैं, जिसका मतलब है कि इसका सेवन करने से ब्लड शुगर के लेवल को कम किया जा सकता है। बायोएक्टिव क्रिस्टलीय अल्कलॉइड जंबोसिन वॉटर एप्पल में मौजूद होता है। ये स्टार्च को शुगर में तब्दील होने से रोकता है। यही वजह है कि वॉटर एप्पल खाने से ब्लड शुगर का लेवल कंट्रोल में रहता है।

5. दिल के स्वास्थ्य में सुधार: वॉटर एप्पल में पोटेशियम की मात्रा अच्छी खासी होती है। यही वजह है कि इसे खाने से दिल को सेहतमंद रखने में मदद मिलती है और हाई ब्लड प्रेशर की समस्या भी दूर हो सकती है। (आरएनएस)

# गले की खुजली से राहत पाने के लिए अपनाएं ये घरेलू नुस्खे

किसी भी मौसम में गले में खुजली या खराश की समस्या हो सकती है।यह समस्या एलर्जी और संक्रमण के कारण हो जाती है, लेकिन अब आपको इसके बारे में अधिक चिंता करने की जरूरत नहीं है। कुछ घरेलू नुस्खे अपनाकर आप इस समस्या से राहत पा सकते हैं।

नमक वाले पानी के गरारे करें

यह नुस्खा गले की खुजली से राहत पाने के लिए प्रभावी है।पानी और नमक का मिश्रण गले में खुजली पैदा करने वाले बैक्टीरिया को मार सकता है, दर्द को कम कर सकता है और बलगम को बाहर भी निकाल सकता है।लाभ के लिए सबसे पहले एक गिलास गुनगुने पानी में आधी चम्मच नमक मिलाएं। इसके बाद इस मिश्रण से गरारे करें।बेहतर परिणाम के लिए इस उपाय को रोजाना 2-3 बार दोहराएं।

शहद का सेवन करें

शहद मजबूत एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर होता है, जो खुजली, जकड़न, खराश और दर्द सहित गले की परेशानी को कम कर सकता है।यह गले को परेशान करने वाले वायरल संक्रमण से छुटकारा पाने में भी मदद कर सकता है।लाभ के लिए सुबह एक चम्मच शहद का सेवन करें या फिर नींबू और शहद की चाय बनाकर पीयें।गला खराब होने पर इन चाय का सेवन भी किया जा सकता है।

ह्यूमिडिफायर का करें इस्तेमाल

अगर आप ऐसी हवा में सांस ले रहे हैं, जिसके कारण आपके गले में खुजली हो रही है तो ह्यूमिडिफायर का इस्तेमाल किया जा सकता है।यह आसपास की हवा में नमी जोड़ता है, जिसके कारण आपको सांस लेने में मदद मिलती है।

## शब्द सामर्थ्य -014

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भूत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | ■ | 6 | 7 |
| ■ | 8 | 9 | | | | ■ | ■ | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | 13 | ■ |
| 14 | | ■ | 15 | ■ | ■ | 16 | | 17 |
| | ■ | 18 | | 19 | 20 | ■ | 21 | |
| 22 | | | ■ | 23 | | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ | 24 | 25 | |
| 26 | | | | ■ | 27 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 28 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 13 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | वा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

# तेलुगु फिल्म से बड़े पर्दे पर दस्तक दे चुकी है गदर 2 की सिमरत कौर?

गदर 2 फिल्म को दर्शकों की खूब वाहवाही मिल रही है। सिनेमाघरों के बाहर दर्शकों की कतार लगी है।गदर के प्रशंसक पर्दे पर तारा सिंह, सकीना और जीते को फिर से देखने का इंतजार कर रहे थे। इस बार फिल्म में एक नया किरदार जुड़ गया है, मुस्कान। मुस्कान का किरदार अभिनेत्री सिमरत कौर ने निभाया है। फिल्म रिलीज होने के बाद उनकी काफी चर्चा हो रही है। सिमरत मूल रूप से पंजाबी हैं। उनका जन्म 16 जुलाई, 1997 को मुंबई में हुआ था।भले ही गदर से उन्होंने बॉलीवुड में डेब्यू किया है, लेकिन बड़े पर्दे पर उन्होंने तेलुगु फिल्म के जरिए 2017 में ही दस्तक दे दी थी। प्रेमाथो मी से उन्होंने डेब्यू किया था। इसके बाद वह कुछ अन्य फिल्मों में भी नजर आईं।वह मीका सिंह के रोमांटिक गाने तेरे बिन जिंदगी में भी नजर आ चुकी हैं। उन्होंने साउथ की फिल्मों से होते हुए बॉलीवुड में कदम रखने पर बात की। उन्होंने कहा, इन चीजों की योजना नहीं होती। मैंने एक साथ दोनों जगह ऑडिशन दिया था। वहां पहले चयन हो गया, तो वहां काम करना शुरू कर दिया।उन्होंने कहा कि उन्होंने बहुत सारे ऑडिशन दिए थे, लेकिन अब इतनी बड़ी फिल्म से डेब्यू कर रही हैं, तो इतने ऑडिशन देने का कोई गम नहीं है। गदर 2 के लिए करीब 600 लड़कियों में से सिमरत को चुना गया था। उन्होंने इसके लिए 7-8 ऑडिशन दिए थे। साथ ही उनके कई लुक टेस्ट भी हुए थे। करीब 2 महीने के प्रकिया के बाद मुस्कान के लिए उनका नाम तय किया गया था।सिमरत का चयन तब हुआ था जब फिल्म की शूटिंग पालमपुर में हो रही थी। वहां भी उनके साथ ऑडिशन में 6 लड़कियां आई थीं।

## तृषा कृष्णन फिल्म लियो से एक बार फिर अपने प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध करने तैयार

सुप्रसिद्ध दक्षिण भारतीय अभिनेत्री तृषा कृष्णन लियो नामक आगामी फिल्म से एक बार फिर अपने प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार हैं। लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित और करिश्माई थलपति विजय अभिनीत यह फिल्म 19 अक्टूबर, 2023 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने के लिए तैयार है। सोशल मीडिया पर चल रही चर्चा के बीच, आगामी परियोजनाओं में त्रिशा की संभावित भूमिकाओं के बारे में दिलचस्प चर्चाएं सामने आई हैं। ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि वह कल्याण कृष्ण द्वारा निर्देशित फिल्म में चिरंजीवी की पत्नी की भूमिका निभा सकती हैं। एक और लुभावनी अफवाह उसी प्रोडक्शन में शारवानंद की मां के रूप में उनके चित्रण का प्रस्ताव करती है। फिल्म निर्माता इन अटकलों की पुष्टि या खंडन करने के लिए स्पष्टता की प्रतीक्षा कर रहे हैं। विशेष रूप से, यह फिल्म प्रतिष्ठित चिरंजीवी की बेटी सुष्मिता कोनिडेला के नेतृत्व में है, जिसमें गोल्ड बॉक्स एंटरटेनमेंट्स प्रोडक्शन हाउस के रूप में काम कर रहा है। आगामी खुलासों की प्रतीक्षा करें क्योंकि अधिक विवरण सामने आने वाले हैं, जो शौकीन सिनेमा प्रेमियों के लिए उत्साह और प्रत्याशा का माहौल सुनिश्चित करेगा।


## नितिन के एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी मैन का गाना डेंजर पिला रिलीज़

नितिन आगामी फिल्म एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी मैन में धमाल मचाने के लिए तैयार हैं, जिसका निर्देशन वक्कन्थम वामशी ने किया है और इसमें मुख्य भूमिका में खूबसूरत श्रीलीला हैं। फिल्म के पहले एकल, डेंजर पिल्ला की हालिया रिलीज ने प्रशंसकों के बीच काफी उत्साह पैदा किया। गाने की सुंदरता हैरिस जयराज की सुखदायक रचना से और भी बढ़ गई है। नितिन के स्टाइलिश डांस मूव्स और श्रीलीला का आकर्षण ग्लैमर का एक अतिरिक्त स्पर्श जोड़ते हैं। शेखर मास्टर द्वारा कोरियोग्राफ किया गया यह गाना संगीत और प्रदर्शन का एक आदर्श मिश्रण है। एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी मैन का निर्माण श्रेष्ठ मूवीज़ और आदित्य मूवीज़ एंड एंटरटेनमेंट के बैनर तले सुधाकर रेड्डी और निकिता रेड्डी द्वारा किया गया है। यह फिल्म 23 दिसंबर 2023 को रिलीज होने वाली है।

## अर्चना गौतम ले रही इंग्लिश की ट्यूशन, क्लासी दिखने के लिए बदल रही लुक

बिग बॉस 16 से घर-घर में मशहूर हुईं अर्चना गौतम ने कहा है कि वह फिलहाल खुद पर ध्यान दे रही हैं, इंग्लिश की ट्यूशन ले रही हैं, किताबें पढ़ रही हैं और नया लुक अपना रही हैं। अर्चना गौतम बिग बॉस 16 की सबसे मजबूत कंटेस्टेंट्स में से एक बनकर उभरीं और अब उनके फैंस खतरों के खिलाड़ी सीजन 13 में उन्हें खतरनाक स्टंट करते हुए देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। खतरों के खिलाड़ी 13 के पहले एपिसोड की स्पेशल स्क्रीनिंग में सभी कंटेस्टेंट एक साथ नजर आए। अर्चना ने अपने अनुभव और भी बहुत कुछ के बारे में बताया। अर्चना, जो इन दिनों बिल्कुल अलग अवतार में नजर आ रही हैं, ने कहा, मुझे लगता है कि जब कोई व्यक्ति किसी चीज में कदम रखता है, तो उसे हमेशा बढ़ना चाहिए। इसलिए वर्तमान में, मैं बढ़ रही हूं। मैं इंग्लिश ट्यूशन ले रही हूं, किताबें पढ़ रही हूं, खुद को क्लासी दिखाने के लिए नया लुक अपना रही हूं। मैं अब एक बेहतर एक्ट्रेस बनना चाहती हूं। उन्होंने कहा, चूंकि शो की शूटिंग केपटाउन में है, विदेशी क्रू केवल इंग्लिश में बातचीत कर रहा है, जिससे मुझे कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। इसलिए मुझे एहसास हुआ कि अगर आप विदेश यात्रा कर रहे हैं तो अंग्रेजी जरूरी है।

# जूही चावला ने किया अपनी फिल्म फ्राइडे नाइट प्लान का ऐलान!





भाई-बहन के साथ बड़ा होना अपने साथ कई उपहार लेकर आता है। यह किसी को गहराई से प्यार करने और उससे नफरत करने की क्षमता सिखाता है। ज़ोर-शोर से लड़ना, लेकिन फिर उनके बचाव में आने या एक इकाई के रूप में टीम बनाने के लिए किसी भी हद तक जाना। यह अटूट बंधन दर्शकों को आगामी फिल्म फ्राइडे नाइट प्लान में देखने को मिलेगा। प्यार और हंसी की इस अविस्मरणीय यात्रा का निर्देशन वत्सल नीलकांतन ने किया है और इसका निर्माण रितेश सिधवानी, कासिम जगमगिया और फरहान अख्तर, एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा किया गया है। आगामी फिल्म, फ्राइडे नाइट प्लान का टीज़र 4 अगस्त को जारी किया गया। फिल्म में, बाबिल खान एक बेवकूफ बड़े भाई की भूमिका निभा रहे हैं, और उनके किरदार का पार्टनर-इन-क्राइम उनका शरारती छोटा भाई जयन है, जिसे अमृत ने शानदार ढंग से निभाया है। वे सर्वश्रेष्ठ जोड़ी हैं, जो वर्ष की सबसे शानदार, सबसे घटित होने वाली पार्टी को जीतने के लिए तैयार हैं - बेशक अपनी मां की अनुपस्थिति में, जूही चावला द्वारा अभिनीत। फ्राइडे नाइट प्लान काला के बाद बाबिल खान की नेटफ्लिक्स के साथ दूसरी प्रस्तुति होगी।

इसके बारे में बोलते हुए, युवा अभिनेता ने कहा, वास्तविक जीवन में एक छोटा भाई होने के कारण, यह फिल्म मेरे लिए बहुत प्रासंगिक लगती है। यह एक दिल छू लेने वाली यात्रा है जो हमारे अपने दुस्साहस की यादें ताज़ा कर देती है। यह एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ मेरी पहली प्रस्तुति है और काला के बाद नेटफ्लिक्स के साथ मेरा दूसरा सहयोग भी है, और मैं इस परियोजना का हिस्सा बनकर अधिक रोमांचित नहीं हो सकता। एक्सेल एंटरटेनमेंट में हम इस दिल छू लेने वाली फिल्म को दुनिया के सामने पेश करते हुए बहुत खुश हैं!

यह हमारी पहली हाई स्कूल फिल्म है और इसके साथ आने वाली सभी मजेदार, शरारतें और बढ़ते दर्द हैं। बाबिल खान के नेतृत्व में तारकीय कलाकारों के साथ काम करना रोमांचक था। , और हमें उम्मीद है कि हमारा प्यार नेटफ्लिक्स के साथ दूर-दूर के दर्शकों तक पहुंचेगा, फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी, निर्माता, एक्सेल एंटरटेनमेंट साझा करते हैं। मेरी पहली फिल्म, फ्राइडे नाइट प्लान की घोषणा करना एक रोमांचकारी अनुभव है। यह प्यार, दोस्ती, भाईचारे और आत्म खोज की एक गर्म कहानी है जो सभी दर्शकों से बात करती है। मैं नेटफ्लिक्स और एक्सेल एंटरटेनमेंट को भागीदार के रूप में पाकर बहुत आभारी हूं। और मुझे उम्मीद है कि जिस प्यार के साथ हमने फिल्म बनाई है वह दुनिया भर के स्क्रीनों पर दिखाई देगी, निर्देशक वत्सल नीलकांतन बताते हैं। रुचिका कपूर शेख, निदेशक, ओरिजिनल फिल्म्स, नेटफ्लिक्स इंडिया, ने कहा, मिसमैच्ड और क्लास जैसे युवा वयस्क सामग्री के लिए अपार प्यार के बाद, हम इस उपन्यास के लिए एक रोमांचक, ताज़ा कलाकारों को एक साथ लाने के लिए रोमांचित हैं, जो दो भाइयों की आशाजनक कहानी है। निश्चित रूप से यह दर्शकों के साथ तालमेल बिठाएगा क्योंकि यह एक दुर्भाग्यपूर्ण शुक्रवार की रात को भाई-बहन के प्यार और दुस्साहस के सार्वभौमिक विषय का जश्न मनाता है। इस शैली के उस्तादों के साथ साझेदारी करना, एक्सेल एंटरटेनमेंट एक वास्तविक आनंद रहा है!

नेटफ्लिक्स पर अपने शुक्रवार की रात की योजना के लिए कैलेंडर चिह्नित करें। शुक्रवार रात के इस साहसिक कार्य में शामिल होने के लिए तैयार हो जाइए, जिसमें बाबिल खान, अमृत जयन, आध्या आनंद, मेधा राणा और निनाद कामत के साथ-साथ प्रिय जूही चावला मेहता भी विशेष भूमिका में हैं। यह 1 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा।

## राजपाल यादव की नॉनस्टॉप धमाल का ट्रेलर जारी

बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव को पिछली बार फिल्म सत्यप्रेम की कथा में देखा गया था।

मौजूदा वक्त में वह अपनी आने वाली फिल्म नॉनस्टॉप धमाल को लेकर चर्चा में हैं।इसमें अनू कपूर, असरानी, मनोज जोशी, प्रियांशु चटर्जी, वेरोनिका वानीज और जियोर्जिया एंड्रियानी जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। अब निर्माताओं ने को फिल्म नॉनस्टॉप धमाल का ट्रेलर जारी कर दिया है, जो कॉमेडी से भरपूर है। यह फिल्म 18 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

नॉनस्टॉप धमाल का निर्देशन इरशाद खान द्वारा किया जा रहा है, जबकि सुरेश गोंडालिया फिल्म के निर्माता हैं।इसकी कहानी भी इरशाद ने लिखी है। फिल्म की लंबाई 1 घंटा और 40 मिनट होगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, नॉनस्टॉप धमाल की कहानी बॉलीवुड के पीछे की फिल्मी दुनिया पर आधारित होगी, जिसमें सभी कलाकार हास्य का तड़का लगाते नजर आएंगे। इसके अलावा आने वाले दिनों में राजपाल ड्रीम गर्ल 2 और काम चालू है में नजर आएंगे। 'नॉनस्टॉप धमाल' एक कॉमेडी फिल्म है. फिल्म में कलाकारों की जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिलेगी।

## पारंपरिक पहनावे को छोड़ ट्रेंडी कपड़े पहनने लगी अभिनेत्री खुशी दुबे



दर्शकों ने हमेशा अभिनेत्री खुशी दुबे को सूट-सलवार और पारंपरिक पहनावे में देखा है। लेकिन, अब आशिकाना सीजन 4 में उनका किरदार चिक्की नैन्सी रूए के उपन्यास से प्रेरित है। जिसमें वह ट्रेंडी कपड़े और जूते पहने हुए दिखाई दे रही हैं।

शो में अपने लुक के बारे में बात करते हुए खुशी ने कहा, इस सीजन में मेरा लुक एक फ्यूजन है। इसमें वेस्टर्न ड्रेसेज, बूट्स और सुपर कूल लुक है जो हमने नैन्सी के उपन्यासों में देखा था। नैन्सी एक अमेरिकी उपन्यासकार हैं जो 12 वर्षीय लिली रॉबिंस के उपन्यासों की लिली सीरीज के लिए जानी जाती हैं। वह सोफी सीरीज के लिए भी जानी जाती हैं। खुशी ने अपने लुक के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा, हमने इसे खूबसूरत और स्मार्ट रखा है और इसमें थोड़ा अंग्रेजी भाषा का इस्तेमाल किया है। यह थोड़ा सरल, लेकिन ग्लैमरस है। इसका लुक और अहसास किसी भी अन्य जासूसी लुक की तरह ही है, स्मार्ट कैजुअल और सेक्सी। कहानी आधुनिक दुनिया और पुरानी दुनिया के रीति-रिवाजों को बताती है। इस रहस्यमय कहानी में जैन इबाद खान (यश के रूप में), और खुशी (चिक्की के रूप में) मुख्य भूमिका में हैं। इसमें अनुभवी अभिनेत्री हिमानी शिवपुरी के साथ जयति नरूला, इंद्रजीत मोदी और गीता त्यागी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

सीजन के बारे में बात करते हुए, ज़ैन ने साझा किया कि असामान्य गतिविधियों के बारे में लोगों की हमेशा अलग-अलग राय रही है। कुछ को यह सच लगता है, कुछ को यह विज्ञान लगता है। जबकि आशिकाना हमेशा रोमांच और रहस्यों से भरी यात्रा रही है, इस सीजन में यश और चिक्की एक ऐसी ही घटना में फंसते नजर आ रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, यश को बिल्कुल अलग लुक में दिखाया गया है, क्योंकि वह आधुनिक दुनिया और पुराने रीति-रिवाजों के बीच संबंध बनाते हैं, जिससे दर्शकों के मन में विचार और सवाल आते हैं। सीरीज की निर्देशक गुल खान ने कहा कि आशिकाना के प्रत्येक बढ़ते सीजन के साथ, हमें शो के लिए अपार प्यार और सराहना मिली है, जिससे हमें नए पात्रों और नए कथानक को पेश करने में मदद मिली है। गुल ने कहा, यह सीजन कई गहरे रहस्यों से परे है।

जेन के स्टूडियोज द्वारा निर्मित, आशिकाना सीजन 4 डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है। (आरएनएस)

# मौसम का कहर:प्रकृति पर क्या दोषारोपण

डॉ. शैलेंद्र यादव

पिछले कुछ दिनों में हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, जम्मू कश्मीर और राजस्थान में हो रही अप्रत्याशित वर्षा ने कहर ढा रखा है।

इन राज्यों में बारिश और बाढ़ की भयावह तस्वीरें सामने आ रही हैं, दिल्ली में मानसून की वर्षा ने 40 साल का रिकॉर्ड तोड़ा है। दिल्ली की सड़कें स्विमिंग पूल नजर आई। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में तो ट्रक और कारें व्यास नदी में खिलौने की तरह बहती दिखीं मकान ताश के पत्तों की तरह बिखरते।

ऐसे दृश्य भारत में ही नहीं, बल्कि विश्व के अन्य देशों में भी नजर आ रहे हैं, जहां वर्षा ने अपना कहर ढाया है। प्रकृति की मार से कोई नहीं बचा है। चाहे विकसित हों या विकासशील हों, मनुष्य का सारा विकास प्रकृति के रौद्र रूप के सामने बौना साबित हुआ है। यह प्रकृति से हो रहे खिलवाड़ का नतीजा है। आपदाओं के विकराल रूप को देखते हुए मानव पर्यावरण संबंधों की समीक्षा की जरूरत है, विद्वानों का एक समूह इन घटनाओं के लिए वैश्विक ऊष्मन और जलवायु परिवर्तन को जिम्मेदार मानता है जबकि यह सिक्के का एक पहलू ही है। इन घटनाओं के वर्तमान स्वरूप का अन्य पक्ष नजरअंदाज किया जा रहा है। आज भारत ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व पर्यावरण से संबंधित अनेक समस्याओं की चिंताओं से पूर्णतया ग्रसित है। वर्तमान समय में बड़ी ज्वलंत समस्या वैश्विक ऊष्मन (ग्लोबल वॉर्मिंग) जनित समस्या सार्वभौमिक जलवायु परिवर्तन की है।

कहा जा रहा है कि मानव जनित भूमंडलीय ऊष्मन से जलवायु में स्थानीय, प्रादेशिक और वैश्विक स्तरों पर अल्पकालिक से लेकर दीर्घकालिक परिवर्तन हो रहे हैं। यूएनओ के जलवायु परिवर्तन की अध्ययन रिपोर्ट के पैनल आईपीसीसी ने अपने अध्ययनों से प्रमाणित किया है कि भूमंडलीय स्तर पर धरातली सतह और निचले वायुमंडल के तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है, और हम लोगों ने मान लिया है कि जलवायु परिवर्तन ही समस्या की जड़ है। लेकिन विश्व स्तर पर जलवायु की दशाएं अतीत से वर्तमान तक कभी स्थिर नहीं रही, बल्कि इसमें अनेक बार परिवर्तन हो चुका है। अनेक पुरातत्विक प्रमाणों के आधार पर स्पष्ट होता है कि अतीत में अनेक बार जलवायु में भीषण परिवर्तन हो चुके हैं, जिनका प्रभाव पर्यावरण पर पड़ा था।

वर्तमान में जहां आज मरु स्थल है, वहां पहले पर्याप्त वर्षा के प्रमाण मिलते हैं। जलवायु परिवर्तन का व्यापक प्रभाव पर्यावरण पर अतीत में पड़ा था। वर्तमान में भी पड़ रहा है। पिछले कुछ दिनों की घटनाओं पर नजर डालें तो देखेंगे दिल्ली में सड़कों पर प्राकृतिक स्विमिंग पूल वहीं बने हैं, जहां मानव ने पानी निकलने के रास्तों को बंद (अतिक्रमण) कर रखा है, या नालियां कचरे से भरी हुई हैं। हिमाचल प्रदेश में वही भवन गिरे हैं, जो नदियों में बने हैं, वही गाड़ियां बही हैं, जो नदियों के रास्ते में खड़ी हैं, वही पुल बहे हैं, जो नदी का मार्ग रोक रहे हैं, वही सड़क टूटी हैं, जो पहाड़ को काट कर बनाई गई हैं, या नदी के किनारे हैं। लंबे समय तक ऐसी घटनाओं का कारण प्राकृतिक माना जाता रहा परंतु प्राकृतिक कारक ही ऐसी घटनाओं या उनके नुकसान का एकमात्र कारण नहीं है। ऐसी आपदाओं की उत्पत्ति का संबंध मानवीय क्रियाकलाप से भी है। वनों के कटान की वजह से पर्वतीय क्षेत्र में भूस्खलन और बाढ़, नदी के मार्ग में मानव अतिक्रमण, भंगुर पर्वतीय जमीन पर निर्माण कार्य और अवैज्ञानिक भूमि उपयोग कुछ उदाहरण हैं।

पर्यटक राज्य हिमाचल प्रदेश में विगत दशकों में पर्यटक संबंधी अवसंरचनाओं का व्यापक विकास हुआ है। होटल, रिसोर्ट, राजमार्ग का निर्माण इत्यादि मानवीय क्रियाओं ने यहां के पर्यावरण को व्यापक क्षति पहुंचाई है। ऐसी मानवीय क्रियाओं के समय पर्यावरण प्रभाव आकलन नहीं हुआ। पर्यावरणीय संवेदनशील क्षेत्र में भूमि उपयोग को सही से लागू नहीं किया गया। हिमाचल प्रदेश में व्यास नदी के आसपास के क्षेत्र में व्यापक आपदा का प्रभाव देखने को मिल रहा है, और इसका कारण नदी के बेहद करीब तक मानवीय निर्माण कार्य है। भारी अनियमित और असुरक्षित निर्माण कार्य हर तरफ हो रहा है और इन निर्माणों का कचरा भी नदियों में ही डाला जा रहा है। कमजोर पहाड़ों पर पर्यटकों की सुविधाओं के लिए फोरलेन हाइवे निकाला जा रहा है, हाइड्रो प्रोजेक्ट के लिए सुरंग बनाई जा रही है, जिससे पहाड़ और कमजोर हो रहे हैं। ये भूस्खलन को बढ़ा रहे हैं, भूस्खलन और खनन नदियों के मार्ग अवरुद्ध कर दे रहे हैं, और नदी अपना रास्ता बदल दे रही है। फलस्वरूप नदी के मार्ग में आई मानवीय संरचनाओं का नामोनिशान मिटा जा रहा है। मनाली से मंडी के बीच में ब्यास नदी ने अपना रास्ता बदल कर व्यापक क्षति पहुंचाई है।

# अभी से क्यों और कैसे सर्वे हो रहे हैं?

भारत में राजनीतिक विमर्श को प्रभावित करने वाले कई तत्वों में एक चुनावी सर्वेक्षण भी हैं। आमतौर पर सर्वेक्षण चुनाव के समय होते हैं लेकिन पिछले कुछ समय से यह देखने में आया है कि सर्वेक्षण एजेंसियां चुनाव के कई महीने से पहले से झूठे-सच्चे सर्वे करके राजनीतिक चर्चाओं को दिशा देने का काम करने लग रही हैं। इस साल पांच राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। इसलिए स्वाभाविक रूप के राज्यों को लेकर चुनाव पूर्व सर्वेक्षण होने चाहिए। हालांकि उनमें भी यह बताया जाना चाहिए कि जब गठबंधन तय नहीं है और किसी भी पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है तो किस आधार पर सीट जीतने-हारने का आकलन किया जा रहा है?

बहुत हैरानी की बात है कि बिना उम्मीदवार की घोषणा के और बिना मुख्यमंत्री के चेहरे की दावेदारी के सर्वे एजेंसियां बता रही हैं कि कौन कितनी सीटों पर जीतेगा। कायदे से एजेंसियों को यह बताना चाहिए कि किस पार्टी को कितना समर्थन है। ज्यादा से ज्यादा किसी पार्टी को मिलने वाले वोट प्रतिशत के बारे में बताया जा सकता है। सीटों के बारे में तो कतई नहीं बताया जा सकता है क्योंकि सर्वे एजेंसियों को भी पता है कि भारत में फर्स्ट पास द पोस्ट का सिस्टम लागू है, जिसमें किसी पार्टी को मिला वोट प्रतिशत और उसे मिली सीटें ज्यादातर समय समानुपातिक नहीं होती हैं। मिसाल के तौर पर 2014 के लोकसभा चुनाव में मायावती की पार्टी को उत्तर प्रदेश में 20 फीसदी वोट मिले थे लेकिन एक भी सीट नहीं मिल पाई थी।

बहरहाल, राज्यों के साथ साथ सर्वेक्षण एजेंसियां और मीडिया हाउस लोकसभा चुनाव का भी सर्वे दिखा रहे हैं और फिर से एनडीए की भारी जीत की भविष्यवाणी कर रहे हैं। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को तीन सौ से ज्यादा और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को दो सौ से कम सीट का अनुमान जाहिर किया जा रहा है। सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि चुनाव से 10 महीने पहले इस सर्वे की क्या जरूरत है? इस तरह के सर्वे करके और ऐसे नतीजे दिखा कर एजेंसियां और मीडिया समूह किसकी सेवा कर रहे हैं? दूसरा सवाल यह है कि सीटों की संख्या का अनुमान कैसे निकाला? दोनों गठबंधन में अभी जो पार्टियां उनमें से कई पार्टियों के बारे में तय नहीं है कि वे उसी गठबंधन से लड़ेंगी। यानी अभी पार्टियों का गठबंधन तय नहीं है, न यह तय है कि किस पार्टी को कितनी सीटें मिलेंगी और कौन कौन सी सीटें मिलेंगी फिर भी सर्वे एजेंसियां बता रही हैं कि कौन सी पार्टी कितनी सीट जीतेगी। बिहार, उत्तर प्रदेश सहित ज्यादातर राज्यों में गठबंधन की सहयोगी पार्टियां पसंद की सीटों के लिए दबाव बना रही हैं। उनको खुद अंदाजा नहीं है कि उनको कौन सी सीट मिलेगी। पर सर्वेक्षण एजेंसियों ने अपनी पसंद की सीटों पर उनकी जीता का अनुमान जाहिर कर दिया। ऐसे ही कामों से इन एजेंसियों की साख बिगड़ी है।(आरएनएस)

## सू- दोकू क्र.014

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.13 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# नफरती पार्टियों का सहारा?

कहा जा सकता है कि जब परंपरावादी पार्टियां लोगों की उम्मीदों को पूरा करने में नाकाम हो रही हैं, तो वैसे में जिन दलों के पास नस्लीय पहचान और नफरत का एजेंडा है, लोग उनकी शरण में जा रहे हैं।

दूसरे विश्व युद्ध के बाद से अपने सिस्टम की उदारता के लिए मशहूर यूरोप में एक के बाद एक देश में धुर दक्षिणपंथी ताकतों का राजनीति में प्रभाव क्यों बढ़ता जा रहा है, यह सारी दुनिया के लिए गंभीर विचार मंथन का प्रश्न है। बाकी दुनिया के लिए यह सवाल इसलिए अहम है, क्योंकि अगर यूरोप में ऐसा हो सकता है, तो फिर जिन समाजों में लोकतंत्र और उदारवाद की मजबूत परंपरा नहीं रही है, वहां इसका खतरा अधिक मजबूत माना जाएगा। इटली में नव-फासीवादी पार्टी की नेता ग्रियोगिया मेलोनी इस समय वहां की प्रधानमंत्री हैं। ब्रिटेन की कभी परंपरावादी रही कंजरवेटिव पार्टी अब खुद धुर दक्षिणपंथी एजेंडे पर सियासत कर रही है। फ्रांस में मेरी ला पेन की नेशनल रैली पार्टी पिछले दो चुनावों से दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरती रही है। स्पेन में जुलाई में हुए चुनाव में धुर दक्षिणपंथी वॉक्स पार्टी इस हाल में पहुंच गई कि परंपरावादी पीपुल्स पार्टी को अगर सरकार बनानी है, तो उसकी मदद लेनी होगी।

एक समय था, जब वॉक्स पार्टी जैसी ताकतें वह अछूत समझी जाती थीं। और अब यह संक्रमण जर्मनी तक पहुंच चुका है। वहां नव-नाजीवादी पार्टी ऑल्टरनेटिव फॉर ड्यूशलैंड इस समय जनमत सर्वेक्षणों में सत्ताधारी एसपीडी पार्टी के बाद दूसरे नंबर पर चल रही है। चुनावी जीत के बाद कुछ जिलों के प्रशासन उसके हाथ में आ चुके हैं। अब यह पार्टी यूरोप में अपना प्रभाव बढ़ाना चाहती है। इसके मद्देनजर पार्टी की सालाना बैठक इस हफ्ते हुई, जिसमें यह तय किया गया कि यूरोपीय संसद में समान विचारधारा वाली पार्टियों के साथ साझेदारी की जाएगी। यानी धुर दक्षिणपंथी पार्टियां अपना मोर्चा बनाने की तैयारी में हैं। इसीलिए यह सवाल अहम हो गया है कि आखिर इन पार्टियों को इतना जन समर्थन क्यों मिल रहा है? इस सिलसिले में जानकारों की इस राय से सहमत हुआ जा सकता है कि जब परंपरावादी वाम और दक्षिणपंथी पार्टियां लोगों की उम्मीदों को पूरा करने में नाकाम होती चली जा रही हैं, वैसे में जिन दलों के पास नस्लीय पहचान और नफरत का एजेंडा है, लोग उनकी शरण में जा रहे हैं। स्पष्टत: यह यूरोप के लिए गंभीर आत्म-चिंतन का समय है। (आरएनएस)

# सेल्फी लेना मानसिक बीमारी!



इन दिनों युवाओं के बीच में तेजी से बढ़ रहे सेल्फी के क्रेज पर चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। सेल्फी को डॉक्टरों ने एक तरह की मानसिक बीमारी बताया है। एक अंग्रेजी वेबसाइट के अनुसारतकरीबन तीन महीने पहले स्कूली छात्रा के द्वारा दिन में कई सेल्फी खींचने पर उसके घरवालों ने मनोचिकित्सक से संपर्क किया। 20 वर्षीय छात्रा को देखने के बाद मनोचिकित्सक ने सेल्फी को एक मानसिक बीमारी की तरह बताया।

परिवार वाले बताते हैं कि सेल्फी की वजह से उनकी बेटी के व्यवहार में काफी बदलाव आ गया है। डॉ . ने कहा किसेल्फी खींचने की कई वजह हैं कई लोग खुद को प्रोत्साहित करने के लिए भी सेल्फी लेते हैं। उन्होंने बताया किसेल्फी की लत कई बार दूसरे लोगों के लिए हानिकारक भी बन जाती है। इसके साथ ही अमेरिकी मनोरोग एसोसिएशन ने भी सेल्फी को एक तरह की बीमारी बताई है। इतना ही नहीं शहर के कई डॉक्टरों ने सेल्फी लत को गैजेट के अत्यधिक इस्तेमाल से भी जोड़ा है।

# राहुल अमेठी से चुनाव लड़ने की गलती दोबारा नहीं करेंगेः धामी

## ❑बागेश्वर में जनता विकास पर करेगी वोट

विशेष संवाददाता



नई दिल्ली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने तीन दिवसीय दिल्ली दौरे पर हैं। आज उन्होंने यहां पत्रकारों से बात करते हुए जहां एक बार फिर बागेश्वर उपचुनाव में बड़ी जीत का दावा किया वहीं कांग्रेस पर चुटकी लेते हुए कहा कि राहुल गांधी को अमेठी से चुनाव लड़ने की गलती दोबारा नहीं करनी चाहिए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि बागेश्वर की जनता विकास के लिए भाजपा को वोट करेगी जनता का आशीर्वाद और विश्वास भाजपा के साथ है इसलिए बागेश्वर चुनाव में हम एक बार फिर बड़ी जीत दर्ज करने जा रहे हैं। पत्रकारों द्वारा राहुल गांधी के 2024 के चुनाव में फिर अमेठी सीट से चुनाव लड़ने की चर्चा पर धामी ने कहा कि राहुल गांधी पिछली बार भी अमेठी से चुनाव लड़े थे उसका परिणाम वह देख चुके हैं मैं समझता हूं राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ने की गलती दोबारा नहीं करेंगे। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों एक कार्यक्रम में राहुल गांधी ने अमेठी से चुनाव लड़ने की बात कही थी। इस वार्ता के दौरान उनका अंदाज क्या था अलग बात है। मुख्यमंत्री अपने इस तीन दिवसीय दिल्ली दौरे के दौरान राज्य में आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट पर जहां कई केंद्रीय नेताओं से मिलने वाले हैं वहीं इस समिट में भाग लेने वाले कुछ उद्यमियों और निवेशकों से भी वार्ता करेंगे। उनका कहना है कि उत्तराखंड निवेश के दृष्टिकोण से उद्यमियों की पहली पसंद है। उनका कहना है कि राज्य की कानून व्यवस्था के साथ ही हमने अपनी औद्योगिक नीतियों का सरलीकरण किया। सोलर पावर और हाइड्रो पावर में असीम संभावनाएं हैं वहीं पर्यटन के क्षेत्र में काम करने के लिए बेहतर अवसर है। उनका कहना है कि औद्योगिक क्षेत्र की बात हो या फिर एमएसएमई क्षेत्र की हमने हर क्षेत्र में काम करने के लिए बेहतर नीतियां बनाई है और बेहतर अवसर प्रदान करने की कोशिश की जा रही है। मुख्यमंत्री का प्रधानमंत्री से मिलने का भी कार्यक्रम है तथा उन्हें वह इन्वेस्टर्स समिट का न्योता भी देंगे। मुख्यमंत्री राज्य में आई मानसूनी आपदा से हुए नुकसान पर पीएम से आर्थिक मदद की बात कर सकते हैं। वह कई केंद्रीय मंत्रियों से भी मिलेंगे।

# गाली गलौच करने पर पति-पत्नी के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। मौहल्ले वालों के साथ गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने पति पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार टीचर कालोनी निवासी महिला ने कैण्ट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उनके पडोस में रहने वाले दीपक शर्मा व उसकी पत्नी मन्नू शर्मा आये दिन मौहल्ले वालों के साथ गाली गलौच करते रहते हैं तथा कोई उनको विरोध करता है तो उसके साथ मारपीट जान से मारने की धमकी देते हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# छात्र-छात्राओं के लिए 'अपणू आधर' बनाने के लिए लगेंगे विशेष शिविर

कार्यालय संवाददाता

रुद्रप्रयाग। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ जनपद के छात्र-छात्राओं को उपलब्ध हो इसके लिए अपणू आधार बनाए जाने के लिए तहसील एवं जिला स्तर पर टीमें गठित की गई हैं। जनपद के कतिपय विद्यार्थियों के आधार कार्ड अद्यतन/पंजीकृत न होने से उन्हें सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ न मिलने इसका संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार ने जनपद में विशेष शिविर अपणु आधार का आयोजन करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया है।

जिलाधिकारी ने बताया कि प्रायः उनके संज्ञान में आया है कि जनपद के कतिपय विद्यार्थियों के आधार कार्ड अद्यतन/पंजीकृत नहीं है जिस कारण विद्यार्थियों को कई महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने जनपद में विद्यार्थियों के लिए विशेष शिविर अपणु आधार का आयोजन किया जा रहा है जिसके लिए रोस्टर तैयार किया गया है। जिला स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया है जिसमें मुख्य शिक्षा अधिकारी व ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को सदस्य नामित किए गए हैं। आधार पंजीकरण/अद्यतन की कार्यवाही से संबंधित जानकारी के लिए ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर के मोबाइल नंबर 8476963028 पर संपर्क किया जा सकता है। इसी तरह तहसील स्तर पर उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में खंड शिक्षा अधिकारी व सभी प्रधानाचार्यों वाली टीम का गठन किया गया है।

# घोड़े-खच्चरों के लिए देवदूत बने सेक्टर अधिकारी, म्यूल टास्क फोर्स व डीडीआरएफ की टीमें

कार्यालय संवाददाता

रुद्रप्रयाग। श्री केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग में घायल अवस्था व भारी पीड़ा में सामान ढो रहे घोड़े-खच्चरों के लिए देवदूत बने हैं सेक्टर अधिकारी, म्यूल टास्क फोर्स व डीडीआरएफ की टीमें।

सेक्टर अधिकारी गौरीकुंड अनिल कुमार ने अवगत कराया है कि केदारनाथ यात्रा मार्ग में संचालित हो रहे घोड़े-खच्चरों की निरंतर निगरानी करते हुए चौकिंग की जा रही है तथा जो घोड़े-खच्चर जिनके पीठ में घाव व पैर में चोट के कारण लंगड़ा कर चल रहे हैं ऐसे घोड़े-खच्चरों की जांच कर तथा जिनके पीठ में घाव एवं पैर में चोट लगी है उनके संचालकों एवं मालिकों पर चालान की कार्यवाही करते हुए यात्रा मार्ग से हटाते हुए उन्हें उपचार हेतु पशु चिकित्सालय को भेजा जा रहा है। उन्होंने अवगत कराया है कि बकार अहमद राहतपुर खुर्द तहसील नजीबाबाद घोड़े की पीठ में घाव हो रखा था जिनके द्वारा खच्चर से सामान की ढुलान किया जा




रहा था जिसका चालान करते हुए उक्त घोड़े को उपचार हेतु पशु चिकित्सालय गौरीकुंड को भेजा गया है। उन्होंने यह भी अवगत कराया है कि टीम द्वारा आज सात अन्य घोड़े-खच्चरों की चौकिंग के दौरान पाया गया कि पीठ में घाव व पैर में चोट होने के कारण यात्रा मार्ग से हटाते हुए उन्हें उपचार हेतु पशु चिकित्सालय गौरीकुंड भेजा गया है।

ज्ञातव्य है कि विगत दिनों जिलाधिकारी ने केदारनाथ यात्रा मार्ग में किसी भी दशा में घायल एवं बिना पंजीकरण के घोड़े-खच्चरों का संचालन न हो इसके लिए सेक्टर एवं सहायक सेक्टर अधिकारी व म्यूल टास्क फोर्स व डीडीआरएफ की टीम को संचालित हो रहे घोड़े-खच्चरों की कड़ी निगरानी करते हुए चौकिंग की कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं तथा घायल एवं बीमार घोड़े-खच्चर पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार ने अवगत कराया है कि केदारनाथ यात्रा मार्ग में संचालित हो रहे घोड़े-खच्चर जो बीमार एवं घायल हुए हैं ऐसे 3730 घोड़े-खच्चरों का उपचार किया गया है तथा 15651 घोड़े-खच्चरों का निरीक्षण किया गया है तथा यात्रा हेतु अयोग्य घोड़े-खच्चरों की संख्या 469 है। 215 घोड़े-खच्चर मालिकों एवं संचालकों का चालान किया गया है तथा 16 व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है।

# दीवार तोड जमीन पर कब्जा करने का प्रयास करने पर मुकदमा दर्ज

देहरादून। चारदिवारी तोडकर भूमि पर कब्जा करने का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डाकरा निवासी कल्पना ने बसंत विहार थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी ईस्ट होप टाउन में जमीन है जिसपर उसने चारदीवारी करा रखी है। उसने बताया कि आज उसकी जमीन पर ज्ञान प्रकाश सिलस्वाल, नदीम निवासी परवल, नौशाद खान पुत्र मेहरबान निवासी परवल, बलवंत राम टम्टा पुत्र रोपाल टम्टा निवासी ईस्ट होप टाउन पहुंचे और उसकी जमीन की चारदीवारी तोडकर उसपर कब्जा करने का प्रयास करने लगे। उसको जब सूचना मिली तो वह वहां पर पहुंची तो यह लोग वहां से भाग गये।

# जमीन के नाम पर आठ लाख की ठगी में मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। जमीन के नाम पर आठ लाख रूपये की ठगी करने के मामले में एसएसपी के आदेश पर विकासनगर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासनगर निवासी गुरदीप सिंह ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसको एक व्यक्ति धर्मप्रकाश चौधरी पुत्र हीरालाल निवासी ग्राम रसूलपुर थाना व तहसील-विकासनगर, द्वारा अपनी एक सम्पत्ति को विक्रय करने का प्रस्ताव रखा गया, जिसके पश्चात् उसने उक्त धर्मप्रकाश चौधरी को कहा, कि उसको कथित भूमि पंसन्द है, तो जिसके पश्चात् दोनों पक्षो के मध्य कथित भूमि का सौदा 50 लाख रूपये में तय हुआ, जिसमें कि उसके द्वारा उक्त धर्म प्रकाश को 6 लाख रूपये आर.टी.जी.एस. के माध्यम द्वारा इंडियन ओवरसीज बैंक शाखा - विकासनगर तथा दो लाख रूपये नगद यानि 8 लाख रूपये अग्रिम धनराशि के रूप में प्रदान कर एक विक्रय अनुबन्ध पत्र 20 जून 2023 सम्पादित कराया, जिसमें कि कथित भूमि के विक्रय पत्र सम्पादित होने की समयावधि 19 दिसम्बर 2023 तक तय पायी गयी। उसके द्वारा धर्मप्रकाश चौधरी पर विश्वास कर 8,00,000 रूपये धनराशि प्रदान कर विक्रयपत्र सम्पादित कराया, परन्तु विक्रयपत्र सम्पादित होने के पश्चात् तथा विक्रयपत्र अस्तित्व में रहने के दौरान एक षडयन्त्र के तहत उक्त धर्मप्रकाश के सगे भाई चन्द्र प्रकाश द्वारा भूमि किसी अन्य को विक्रय कर दी। उसने जब उनसे इस बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि वह विक्रय पत्र सम्पादित नहीं करेंगे उन्होंने तो यह उसके रूपये हडपने के लिए किया था।

# रुद्रप्रयाग में बारिश के कारण 22 सड़क मार्ग अवरुद्ध

कार्यालय संवाददाता

रुद्रप्रयाग। जनपद में हो रही बारिश के कारण जनपद में 22 सड़क मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं जिन्हें यातायात हेतु सुचारू करने की कार्यवाही गतिमान है। अवरुद्ध सड़क मार्ग में 07 सड़कें लोक निर्माण विभाग रुद्रप्रयाग, 05 सड़कें लोक निर्माण विभाग ऊखीमठ, 07 सड़कें पीएमजीएसवाई रुद्रप्रयाग, पीएमजीएसवाई जखोली की 03 तथा राज्य मोटर मार्ग की 01 सड़क अवरुद्ध है।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने अवगत कराया है कि जो सड़क मार्ग भारी बारिश के कारण अवरुद्ध हैं उनमें नगरासू-डांडाखाल-धनपुर मोटर मार्ग किमी 01 में मार्ग का 20 मीटर भाग पूर्णतया वासआउट हो गया है जिस कारण मार्ग यातायात हेतु पूर्णतया बंद है। मार्ग की खुलने की संभावना 20 अगस्त, 2023 तक है।




छेनागाड़ बक्सीर मोटर मार्ग किमी 01, 03 व 05 में दीवार क्षतिग्रस्त एवं भू-धंसाव व मार्ग वासआउट होने से यातायात हेतु अवरुद्ध हो गया है जिसके 22 अगस्त, 2023 तक खुलने की संभावना है। गैंठाणा-सिरवाड़ी मोटर मार्ग के किमी 04 में मलवा बोल्डर आने से मार्ग यातायात हेतु अवरुद्ध हो गया है जिसे खोलने का प्रयास किया जा रहा है। खिर्सू-खेड़ाखाल कांडई खांकरा राज्य मोटर मार्ग संख्या 50 किमी 20 में मलवा बोल्डर आने से मार्ग यातायात हेतु अवरुद्ध हो गया है जिसे आवाजाही हेतु खोलने की कार्यवाही गतिमान है।

उन्होंने अवगत कराया है कि रुद्रप्रयाग-चोपड़ा-दशज्यूला उडामांडा मोटर मार्ग के किमी 18 में मलवा बोल्डर आने से मार्ग यातायात हेतु अवरुद्ध हो गया है। बांसवाड़ा-बष्टी बसुकेदार मोटर मार्ग यातायात हेतु अवरुद्ध है तथा मार्ग को आवाजाही हेतु सुचारू करने की कार्यवाही गतिमान है जिसे आवाजाही हेतु शुरू करने के लिए एक सप्ताह का समय लगने की संभावना है। मस्ता-मदहेश्वर पैदल मार्ग किमी 05 बणतोली में 14 अगस्त, 2023 को भारी बारिश के कारण सेतु नदी से पानी के तेज बहाव के कारण मोखंडा गाड़ में पूर्ण रूप से बह गया है। मार्ग को आवाजाही हेतु खोलने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। उक्त बंद मार्गों को यातायात हेतु सुचारू करने के लिए संबंधित विभागों द्वारा त्वरित गति से कार्य किया जा रहा है।

## एक नजर

# योगी और रजनीकांत देखेंगे जेलर

नई दिल्ली। सुपर स्टार रजनीकांत की फिल्म 'जेलर' बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई कर रही है। पत्रकारों से बात करते हुए रजनीकांत ने कहा कि वो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ अपनी फिल्म 'जेलर' देखने जाएंगे। फिल्म अभिनेता रजनीकांत शुक्रवार की शाम लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचे, जहां पत्रकारों ने जब सीएम योगी आदित्यनाथ से उनकी मुलाकात को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि वो मुख्यमंत्री के साथ फिल्म देखेंगे वहीं जब पत्रकारों ने उनकी फिल्म जेलर की सफलता को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि सब भगवान की कृपा है। अभिनेता रजनीकांत तीन दिवसीय यूपी दौरे पर हैं। वो 20 अगस्त तक यूपी में रहेंगे। इस दौरान अभिनेता अयोध्या, मथुरा और काशी के मंदिरों में जा सकते हैं और पूजा अर्चना कर सकते हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ और रजनीकांत दोनों आज मिलकर फिल्म जेलर देख सकते हैं। ये मौका बेहद अलग होगा, क्योंकि मुख्यमंत्री अक्सर फिल्म नहीं देखते है, ऐसे बहुत कम ही मौके हुए हैं जब योगी आदित्यनाथ फिल्म देखने गए हैं।



## लद्दाख में राहुल गांधी ने फर्राटे से दौड़ाई बाइक

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी लद्दाख दौरे पर हैं। वे शनिवार को पेंगोंग झील गए जहां उन्होंने बाइक भी चलाई। अब सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें वायरल हो रही है आपको बता दें कि इसी झील के किनारे भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़प हुई थी। इसके बाद से दोनों देशों के बीच तनाव की स्थिति है। राहुल गांधी ने अपनी ये तस्वीरें इंस्टाग्राम पर भी शेयर किया है। राहुल गांधी ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में कहा, पैंगोंग झील के रास्ते में हूं। इसके बारे में मेरे पिता कहा करते थे, यह दुनिया की सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है। कांग्रेस नेता ने कहा कि पेंगोंग लेक जा रहा हूं। मेरे पिता कहा करते थे कि ये दुनिया की सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है। अब ये कोई पहली बार नहीं है जब राहुल गांधी का ऐसा अंदाज दिखा हो, इससे पहले भी उन्होंने बाइक चलाई है, कभी ट्रक चलाया है तो कभी खेतों को भी जोतने का काम किया है। भारत जोड़ो यात्रा के बाद से ही राहुल में ये बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है।



## टाटा को मिला 'उद्योग रत्न अवार्ड'

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने टाटा समूह के मालिक रतन टाटा को उद्योग रत्न सम्मान से सम्मानित किया। सम्मानित करने के लिए उद्योगपति रतन टाटा के आवास पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और देवेंद्र फड़नवीस पहुंचे और सम्मानित प्रदान किया। रतन टाटा को सम्मानित करने के बाद महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि उद्योग रत्न पुरस्कार महाराष्ट्र सरकार द्वारा पहली बार शुरू किया गया है। पहला पुरस्कार हमें रतन टाटा जी को देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। रतन टाटा और टाटा ग्रुप का देश के लिए योगदान बहुत बड़ा है। महाराष्ट्र सरकार द्वारा दिए गए इस पुरस्कार को स्वीकार करने के लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं। इससे पहले राज्य के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने विधानसभा में एक सत्र के दौरान बताया था कि महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार की तरह विशिष्ट व्यक्तियों को दिए जाने वाले इस सम्मान को रतन टाटा को देने का फैसला एक मीटिंग में किया गया है। जल्द ही एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा कार्यक्रम में युवा एंटरप्रेन्योर, महिला एंटरप्रेन्योर और मराठी एंटरप्रेन्योर के लिए भी ये पुरस्कार दिए जाएंगे।



## मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने पर सात लोगों पर मुकदमा

देहरादून (सं)। मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ओगल भटटा निवासी सरस्वती ने क्लेमनटाउन थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह सुबह साढे दस बजे कचहरी देहरादून के लिए जैसे ही अपने घर से निकली तो घर से 20 गज दूरी पर ही उसके पति राजकुमार के किरायेदार पूनम व उसकी बेटी शीलू व शीलू का पति व कविता, अंशू लोगो ने एकराय होकर उसको सड़क पर लात घूसों से पीटा व सड़क से घसीटते हुए सड़क की दूसरी ओर ले गए जहां पर लोगो के बीच-बचाव करने पर उसने बमुश्किल अपने आप को बचाया। उक्त लोगों द्वारा उसका पर्स भी छीना गया जिसमे उसके 5000 रुपये नकद रखे थे जो पर्स उसको कुछ दूर पडा मिला जिसमे से 5000 रुपये गायब थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# पिस्टल की नोक पर बाईक लूटने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पिस्टल की नोंक पर मोटरसाईकिल लूटने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने लूट की मोटरसाईकिल व पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया जबकि उनका तीसरा साथी पुलिस के हाथ नहीं लगा। पुलिस ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए डीआईजी/एसएसपी दिलीप सिंह कुंवर ने बताया कि 7 अगस्त को राघव विहार निवासी राकेश सिंह ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका भाई राजेश अपनी कम्पनी सेलाकुई से घर की तरफ आ रहा था तभी तीन अज्ञात बदमाशों ने उसके भाई को पिस्टल दिखाकर उसकी मोटरसाईकिल लूट ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल के पास



लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जिसके बाद पुलिस ने शिमला बाईपास से जाने वाले सभी मार्गो पर लगे लगभग 2000 सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया जिसके बाद पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे। जिसके बाद आज पुलिस ने फुलसैनी से धौलास की तरफ जाने वाले रास्ते से लूट की अपाचे मोटरसाईकिल के साथ दो लोगों को हिरासत में ले लिया। जिन्होंने अपने नाम सुखजिन्दर उर्फ सुक्खू निवासी मौहल्ला खारखाना ग्रेवाल कालोनी सिरसा हरियाणा व शिव कुमार उर्फ गोलू पुत्र अजीत कुमार निवासी खन्ना कालोनी बस स्टैण्ड वाली गली सिरसा हरियाणा बताया। उन्होंने अपने तीसरे साथी का नाम अमरजीत उर्फ गूरी निवासी खैरपुर सिरसा हरियाणा बताया। पुलिस ने उनके कब्जे से पिस्टल, तीन जिन्दा कारतूस व लूटी गयी अपाचे मोटरसाईकिल बरामद कर ली। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वह जुलाई माह में यहां आये थे तथा प्रेमनगर में किराये का कमरा लेकर रह रहे थे। वह किसी बडी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे लेकिन उनको मौका नहीं मिल पाया था। फिर वह हरियाणा चले गये। घटना वाले दिन ही वह हरियाणा से दून वापस आये थे तथा घटना को अंजाम देकर वह पांवटा साहिब से चण्डीगढ मोहाली होते हुए पंजाब चले गये थे। मोटरसाईकिल साईकिल को उन्होंने अपने परिचित के यहां छुपा दिया था और उसकी नम्बर प्लेट चैंज कर दी थी। पुलिस ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मोटरसाईकिल सवार फौजी की मौत



संवाददाता

देहरादून। अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मोटरसाईकिल सवार फौजी की मौत हो गयी जबकि दूसरा गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसको अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बिलासपुर कांडली घंघोडा निवासी मोहन सिंह महर ने कैण्ट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका पुत्र दौलत कुमार महर सेना में जम्मू-कश्मीर में तैनात हैं वह चार अगस्त को 30 दिन की छुट्टी पर घर पहुंचा। 13 अगस्त 2030 को उसके साथ ट्रेनिंग करने वाला दोस्त शिव बहादुर घर पर आया। दिन में दोनों दौलत की बाइक से गए।

बताया कि वह एमएच जा रहे है। एमएच में शिव बहादुर की ड्यूटी थी। रात को तकरीबन आठ बजे बेटे को मां ने फोन करके पूछा घर कब आ रहे हैं तब बेटे ने बताया कि वह एमएच में मौजूद है। इसके बाद रात करीब 10:30 बजे उसको फोन आया कि उसके बेटे दौलत कुमार महर का एक्सीडेंट हो गया है। वह सिनर्जी अस्पताल में भर्ती है। वह अस्पताल पहुंचा तो वहां उसका बेटा गंभीर घायल था। बाइक पर सवार उसके साथ के फौजी की मौत हो चुकी थी। बेटे को वहां से मिलट्री अस्पताल में भर्ती कराया गया।

वह घटनास्थल पर पहुंचे तो उसने देखा कि उसके बेटे की मोटरसाईकिल पर अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मारी और वहां से फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरायी एक की मौत, एक घायल

हमारे संवाददाता

देहरादून। सड़क दुर्घटना में देर शाम एक तेज रफ्तार बाइक के पहले डिवाइडर फिर विद्युत पोल से टकरा जाने से दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों द्वारा उन्हे अस्पताल पहुंचाया गया जहां उपचार के दौरान एक की मौत हो गयी जबकि दूसरे की हालत चिंताजनक बनी हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार कल शाम लगभग 6 बजे बाइक सवार दो युवक तेज रफ्तार से ऋषिकेश से डोईवाला की ओर आ रहे थे। जब वह भनियावाला दुर्गा चौक पर पहुंचे तो अचानक चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर गई। उसके बाद बाइक एक विद्युत पोल से टकराई, जिससे दोनों युवकों के सिर पर गंभीर चोटें आई है। सड़क हादसा देख स्थानीय लोगों द्वारा घायलों को हिमालयन हास्पिटल जौलीग्रांट ले जाया गया। वहां पर 31 वर्षीय नवीन ध्यानी निवासी शांतिनगर ढालवाला मुनीकीरेती टिहरी गढ़वाल की उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं बाइक चालक 29 वर्षीय आशीष राणा निवासी गढ़ी श्यामपुर ऋषिकेश की हालत गंभीर बनी हुई है।

पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। वहीं दोनों के स्वजनों को भी सूचित कर दिया गया। जिसके बाद परिजन अस्पताल पहुंच गए हैं।

## यूटीलिटी खाई में गिरी एक घायल, दूसरा लापता



हमारे संवाददाता

उत्तरकाशी। सड़क दुर्घटना में आज सुबह एक यूटीलिटी वाहन के खाई में गिर जाने एक व्यक्ति घायल हो गया वहीं दूसरा लापता बताया जा रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस व एसडीआरएफ टीमों द्वारा घायल को अस्पताल पहुंचाकर दूसरे व्यक्ति की तलाश की जा रही है।

जानकारी के अनुसार आज सुबह उत्तरकाशी-गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्वारीगाड में एक यूटिलिटी वाहन खाई में गिर कर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वाहन में दो व्यक्ति सवार थे जिनमें से एक व्यक्ति घायल हो गया है, जबकि दूसरा लापता है। सूचना मिलने पर पुलिस और 108 आपातकालीन सेवा की तत्परता से मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस और स्थानीय अधिकारियों ने दुर्घटना के संदर्भ में त्वरित कदम उठाए हैं और लापता व्यक्ति की खोज की जा रही है।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*